**एक नजर**

## विकास के मुद्दे को लेकर जाएगी जनता के पास राजकुमारी साहू



**कवर्धा 2 फरवरी।** जिला पंचायत 13 से बीजेपी से अधिकृत प्रत्याशी राजकुमारी राजेंद्र साहू सोमवार को नामांकन फार्म जमा करेगी और उन्होंने कहा की विकास के मुद्दे को लेकर जनता के पास जाएगी । कांग्रेस ओर निर्दलीय प्रत्याशियों के कारण चुनाव दिलचस्प होगा जिसकी चर्चा है ।

## रिकवरी एजेंट समेत तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई 2 फरवरी।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत रिकवरी रकम लेकर ठगी करने वाले रिकवरी एजेंट समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 408, 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि 12/आई भारी औधोगिक क्षेत्र हथखोज में स्थित श्रीश्याम केमिकल्स के प्रो. कमल कुमार है। इनके कंपनी में मार्केटिंग और रिकवरी के लिए सेक्टर 2 सड़क 14 निवासी रविन्द्र सिंह काम करता था। सुर्दशन मेटालिक्स कंपनी सिलतरा रायपुर को डिहाईड्रेड कोलटार विक्रय की रकम 6 लाख 57 हजार 914 रूपये रविन्द्र को मिला। रकम को कंपनी मालिक को नहीं देकर रकम को अपने साथी गितेश गिल को मेटालिक्स कंपनी का फर्जी मालिक बनाकर बात कराकर, नवीन शर्मा के साथ मिलकर ठगी किया। जिसकी शिकायत एसपी दुर्ग से की गई रविन्द्र सिंह उक्त कंपनी में बीते 6 वर्षों से कार्यरत था पीड़ित का सुदर्शन मेटालिक्स के बीच निजी लेन देन 11 लाख 35,211 रूपये, आरसी एल्युमिनियम के साथ बकाया राशि 26 लाख 55 हजार 252 रूपये लेने थे रकम को लेने रविन्द्र सिंह को भेजा गया। रविन्द्र सिंह अपने मालिक को लगातार घूमाता रहा। उक्त रकम को मालिक को न देकर रविन्द्र, नवीन, गीतेश ने मिलकर ठगी किया है।

## बुजुर्ग से शातिर ठगों ने की ठगी

**भिलाई 2 फरवरी।** सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में रहने वाले एक बुजुर्ग को शातिर ठगों ने 96 हजार रुपए का चूना लगाया। बुजुर्ग को लक्की ड्रा में कार जीतने का झांसा दिया गया। रजिस्ट्रेशन व अन्य खर्च के नाम पर अलग अलग किश्तों में 96 हजार से ज्यादा की रकम अपने खातों में ट्रांसफर कराए रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात के मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 के तहत अपराध दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि ब्लाक 49 प्लाट-4 नेहरू नगर वेस्ट केएम गिरधर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे उनके मोबाइल पर काल आया। कॉलर ने कहा कि आपने आयुर्वेद से 4090 रुपए की दवाई खरीदी थी। इसकी लक्की ड्रा में आपने टाटा कार जीता है। कॉलर ने कार की कीमत 6 लाख 90 हजार रुपए बताई। कॉलर दिल्ली से कॉल करना बताया और यह भी पूछा कि कार चाहिए या कैश। इस पर केएम गिरधर ने कॉलर को कहा कि वह भिलाई में रहता है इसलिए उसे नगदी दे दिया जाए। इसके बाद कॉलर ने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पहले 6900 रुपए मांगे। बुजुर्ग ने यह रुपए यूपीआई से भेज दिए इसके बाद अलग अलग किश्तों में कॉलर ने क्रमशः 27600 रुपए, 43056 रुपए और 18500 रुपए जमा कराए इतना होने के बाद बुजुर्ग से और रुपए भेजने की डिमांड की गई तो उसे ठगे जाने का एहसास हुआ इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है फिलहाल इस मामले में सुपेला पुलिस जांच कर रही है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं राड मिल ने बनाया सर्वश्रेष्ठ दैनिक एवं शिफ्ट रिकॉर्ड

**भिलाई, 2 फरवरी।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं राड मिल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 30 जनवरी 2025 को 20 एमएम टीएमटी बार के उत्पादन में नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग ने 30 जनवरी 2025 को 20द्वद्व टीएमटी बार प्रोफाइल में कुल 4140 टन (2015 बिलेट्स) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया 7 साथ ही 30 जनवरी की रात्रि पाली में 1490 टन (725 बिलेट्स) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट कीर्तिमान÷ भी बीआरएम विभाग ने अपने नाम किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बीआरएम टीम और सभी संबंधित विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी एवं सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के मनको का पालन करते हुए आगे भी इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया ।

## मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 2 फरवरी।** टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में 3 से 8 फरवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 03 व 04 फरवरी को जेएलएन हॉस्पिटल, 5 को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा व इंदिरा प्लेस, 6 को सेक्टर-1 तथा खुर्सीपार जोन 2

# देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प है आम बजट : पांडेय

**0 केंद्रीय बजट पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 फरवरी।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आम बजट 2025-26 में युवा, किसान और मध्यम वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। यह बजट रोजगार, कृषि और कर राहत के माध्यम से देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराता है। पाण्डेय ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने इस बजट में युवाओं के रोजगार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। स्टार्टअप्स और एमएसएमई को आर्थिक सहायता देते हुए सरकार ने नई स्टार्टअप नीति के तहत कम ब्याज दर पर ऋण और टैक्स में छूट देने का ऐलान किया है, जिससे नए उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन सेक्टर में नए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार ने विशेष निवेश की घोषणा की है। युवा कौशल विकास कार्यक्रम के तहत देश के युवाओं को नई तकनीकों और डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षित करने के लिए युवा शक्ति योजना को और सशक्त बनाया गया है। पाण्डेय ने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए इस बजट में ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं। सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए घरों पर ब्याज दरों में छूट देने का ऐलान किया है, जिससे मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए घर खरीदना आसान होगा। सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर नए रोजगार सृजन पर ध्यान दिया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को अधिक अवसर मिलेंगे। पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस बजट के माध्यम से युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के लिए एक स्थिर और उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप प्रस्तुत किया है। इस बजट के साथ भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूत भूमिका निभाने को तैयार है, और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## केन्द्रीय बजट मजदूरों, किसानों और बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा



भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव का. विनोद कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बजट 2025-2026 मजदूरों, किसानों और बेरोजगारों की उम्मीदों पर पानी फेरता है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी को राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। यह बजट अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों, बेरोजगार युवाओं, गरीबों और सीमांत किसानों के लिए एक और झटका है, जिनकी उपेक्षा की गई है। बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, गरीब, हाशिए पर पड़े और निम्न आय वर्ग की जरूरतों के साथ न्याय नहीं करता है। मध्यम वर्ग के लिए कर छूट बढ़ा दी गई है, लेकिन आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से लोगों को पहले ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वरोजगार और वेतन भोगी श्रमिकों के मासिक वेतन में 2017-2018 की तुलना में 2023-2024 में कमी आई है। कॉर्पोरेट्स की संपत्ति में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह गरीबों और यहां तक कि मध्यम वर्ग पर बोझ है। व्यापार करने में आसानी के नाम पर सरकार नियोक्ता-समर्थक, श्रमिक-विरोधी श्रम संहिताओं को आगे बढ़ा रही है, जबकि एकाधिकार कॉर्पोरेट्स के लाभ के लिए नीतियां एक और बजट में परिलक्षित होती हैं। एटक ने बजट 2025-2026 के खिलाफ 5 फरवरी को अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ देशव्यापी विरोध में शामिल होने का फैसला किया।

■ ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े प्रदीप ज्वेलर्स के संचालक प्रदीप सोनी ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि केंद्रीय बजट देश के विकास का आइना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखने से देश तेजी के साथ तरक्की की सीढ़ियां चढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ बढ़ रही है और दुनिया के श्रेष्ठ देशों भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जा रहा है। प्रदीप सोनी ने कहा कि खुदरा मूल्य पर ध्यान देकर मध्य वर्ग को राहत पहुंचाई गयी है।

■ आदित्य इंटरप्राइसेस के सीईओ आदित्य केशरवानी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि बजट में युवाओं के लिए बहुत कुछ है साथ ही रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी ध्यान दिया गया है। आदित्य ने कहा कि देखा जाय तो टैक्स स्लैब में बदलाव कर जो नया खाका खींचा गया है वह देश के विकास में सहायक होगा। ईवी और मोबाईल की बैटरी से जो चार्ज कम कर सस्ता किया गया वह भी स्वागतेय है। कैंसर जैसे घातक बीमारी के दवावों को सस्ता करना सरकार के मानवीय दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

■ वैशाली नगर गोल मार्केट स्कूल के पैरेंट-टीचर्स असोसिएसन के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजपाल अरोरा ने आम बजट को बहुत ही अच्छा और देश के विकास में सहयोगी बताया। अरोरा ने कहा कि यह बजट भारत को विश्व गुरु का दर्जा देगा। उन्होंने बहुत सुन्दर बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई दी और कि कहा कि इनके हाथों में देश की बागडोर सुरक्षित है।

## देश की प्रगति के साथ सभी वर्गों के लिए आम बजट में किया गया फोकसः रिकेश



**भिलाई, 2 फरवरी।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज पेश हुए आम बजट को गरीबों के कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया है। सेन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 8वें आम बजट में देश की प्रगति के साथ-साथ किसान, युवा, महिला समेत अलग-अलग क्षेत्र पर फोकस किया गया है। बजट में जहां किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये किए जाने से किसानों को बड़ा लाभ होगा वहीं प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आम बजट में ग्रामीण विकास, किसान सशक्तिकरण और देश की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव के साथ ही रेलवे के लिए 2 लाख 55 हजार 445 करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया है। नई रेल लाइन के लिए 32 हजार 235 करोड़ रुपये, दोहरीकरण के लिए 32 हजार करोड़ के अलावा कंप्यूटराइजेशन के लिए 428 करोड़ का अलॉकेशन तथा 4550 करोड़ रुपए में गेज कन्वर्जन होगा। रेलवे उपभोक्ता के लिए 12 हजार 118 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बजट आबंटन रेलवे के विकास और सुधार के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देगा। स्कूलों और पीएचसी को डिजिटली सशक्त, शिक्षण संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनाने सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ने का निर्णय अभूतपूर्व है। 12 लाख तक की इनकम पर अब कोई टैक्स नहीं लगने से आम मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी और वे अपनी आय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे।

# अस्पताल के स्टाफ पर चोरी का लगाया आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 2 फरवरी।** शहर के एक निजी अस्पताल के स्टाफ पर लाश के गले से सोने की चेन चुराने का आरोप लगा है पीड़ित परिवार ने पहले अस्पताल के कर्मचारियों से चेन लौटाने की काफी मिन्नत की उनसे कहा कि वो उनके परिवार के सदस्य की आखिरी निशानी है इसके बाद भी जब उन्हें आभूषण नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत प्राथमिकी कर पतासाजी शुरू की है सुपेला पुलिस ने बताया कि दीपक नगर दुर्ग निवासी शुभम सिंह ने बीएम शाह अस्पताल के स्टाफ पर चोरी का आरोप लगाया है 19 नवंबर 2024 को भोर में करीब पौने चार बजे शिकायतकर्ता की बुआ इंदु सिंह को अस्पताल लाया गया था। जहां पर कैजुअल्टी के स्टाफ ने इंदु सिंह को मृत घोषित कर दिया था स्टाफ ने शव को घर ले जाने या उसे शवगृह में रखने के बारे में पूछा तो परिवार वालों ने शवगृह में शव रखने की सहमति दी। इसके बाद स्टाफ ने कहा कि मृतका के शरीर से जेवर निकालने के बाद उसे शवगृह में रखा जाएगा परिवार वालों के सामने मृतका के शरीर से जेवर निकाले गए तो उसमें गले की चेन गायब थी जब शिकायतकर्ता ने चेन के बारे में पूछा तो अस्पताल स्टाफ ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उल्टे वे लोग आभूषण खोजने का बहाना करते रहे। शिकायतकर्ता ने आभूषण को सौंपने संबंधी फार्म पर हस्ताक्षर करते समय भी चेन के गायब होने की बात लिखी थी पीड़ित परिवार ने स्टाफ से चेन लौटाने की मिन्नतें की।



जामुल 2 फरवरी। शिवपुरी जामुल में रामायण प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह में शामिल हुए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर।

**समाचार संक्षेप**

## नाम निर्देशन पत्र खरीदने भारी भीड़





**कवर्धा 2 फरवरी।** कबीरधाम जिले में बीजेपी से अधिकृत कैलाश चंद्रवंशी , निर्दलीय प्रत्याशी रागिनी साहू , निर्दलीय प्रत्याशी जग्गू साहू सहित कई प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किया । बीजेपी से अधिकृत उत्तरा साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र दो में नामांकन फार्म जमा करने के बाद जनसंपर्क शुरू कर दिया । सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रश्मि दुबे ओर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गजेंद्र साहू ने बताया की 49 नामांकन फार्म जमा हो चुके है और सोमवार को नाम निर्देशन पत्र जमा करने का आखिरी दिन है । जिला कलेक्ट्रेड कार्यालय में अच्छे से नाम निर्देशन पत्र की खरीदी भी हो रही है और जमा भी हो रहा है । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और रिटर्निंग ऑफिसर अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अच्छे से निर्वाचन प्रक्रिया चल रही है । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है ।

## ग्राम पंचायत खोपली में मंजू फत्तेलाल वर्मा ने भरा सरपंच पद के लिए नामांकन

**उतई 2 फरवरी।** जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच पद के प्रबल दावेदार मंजू फत्तेलाल वर्मा चुनाव मैदान



में उतर चुके है।मंजू फत्तेलाल वर्मा पूर्व में सरपंच पद पर रहे चुकें हैं। मंजू फत्तेलाल वर्मा ने क्षेत्र की जनता को शासन कि योजनाओं का लाभ दिलाने हर संभव मदद किया उन्होंने 500 गरीब परिवारों का राशन कॉर्ड, 200 लोगों को गैस सिलेंडर,गरीबो को पेशन दिलवाने में मदद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मचांदुर में भर्ती होने वाले मरीजों का हर संभव मदद किया। गांव के निर्माण विकास कार्यों में मंजू वर्मा कि सराहनीय कदम हैं।

## मैत्री बाग में आयोजित भव्य फ्लावर शो-2025 उद्घाटित

**भिलाई, 2 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा मेगा फ्लावर शो-2025 का उद्घाटन शनिवार 1 फरवरी को मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा किया गया।



इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मौली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती आशा तमर, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा तथा अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम कुमारी सहित भिलाई महिला समाज की अन्य सदस्य महिलाएं उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक, महाप्रबंधक के के यादव, महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक आर गर्ग सहित उद्यानिकी विभाग और नगर सेवाएं विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## मचांदुर की जनता दिलीप साहू के साथ



**उतई 2 फरवरी।** ग्राम पंचायत मचांदुर में सरपंच पद के लिए दिलीप कुमार साहू ने नामांकन अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ पहुँचकर जमा किये दिलीप साहू ने कहा मेरा पहला काम गांव का पूरा विकास करवाना हैं।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए किया शंखनाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 2 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा नगरी निकाय चुनाव के दृष्टि से स्थानीय गाँधी मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन कर शँखनाद किया । नगर के सभी 27 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपने अपने वार्डो से रैली के रूप में गाँधी मैदान पहुँचे जहाँ विशाल सभा को उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा ने संबोधित किया । कार्यकर्ता सम्मेलन में अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों ने जनता का आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आप सबके सुख दुःख में खड़े होने वाले । जन जन से सतत संपर्क करने वाले हमारे परिश्रमी कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है । इन्हें आशीर्वाद देना है । उन्होंने कहा हमने 5 वर्ष काँग्रेस के कार्यकाल में भय और भ्रष्टाचार के माहौल में रहे है । और विधानसभा चुनाव में आप सबने कवर्धा के मुक्ति सग्राम में भाग लेकर बाहरी विधायक से कवर्धा को मुक्त किया है । कांग्रेस अपने हार से सबक नही लिया और अब दारू बेचने वाले को अपना शहर अध्यक्ष बनाया है । उन्होंने कहा आपने मुझे कवर्धा की जिम्मेदारी दी है विगत 1 वर्षो में 70 करोड़ से अधिक की राशी कवर्धा शहर को विकास कार्य के लिए मिला है । कवर्धा आपका शहर है मेरा अपना शहर है आपके सोच के अनुकूल ही यहाँ विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे ।उन्होंने कहा अध्यक्ष सहित सभी 27 पार्षद भाजपा के जीताने की जिम्मेदारी आपकी है शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हमारी है । कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से कवर्धा निकाय चुनाव प्रभारी लोकेश कावड़िया ,जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, सियाराम साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,अनिल सिंह ठाकुर,देव कुमारी चंद्रवंशी, मनहरण कौशिक ,संतोष पटेल क्रांति गुप्ता,सतविंदर पाहुजा, सहित जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता,पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे । सभा के बाद शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए भारत माता चौक तक रैली का आयोजन किया गया ।

# कृषि शिक्षा से खुले हैं देश में विकास के नये द्वार: राज्यपाल





**रायपुर, 2 फरवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि कृषि एक शानदार व्यवसाय है और इससे जुड़कर कृषि स्नातक देश के विकास में अपना योगदान दे सकते है। कृषि की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नवीन कृषि अनुसंधानों, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारां का उपयोग कर देश की तरक्की में भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने जय जवान जय किसान जय विज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग ने भारत में विकास के नये द्वार खोले हैं। श्री डेका ने कृषि स्नातकों तथा शोधर्थियों से आव्हान किया कि वे अपने ज्ञान के उपयोग से भारत को विश्व का सबसे विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाएं। राज्यपाल श्री डेका आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम भी शामिल हुए। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक उत्तीर्ण चार हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पी.एच.डी की उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कास्य पदक प्रदान किए गए। दीक्षांत उद्बोधन इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी द्वारा दिया गया। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश दिया। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें अतिथियों सहित विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, प्रबंध मण्डल के सदस्य, प्रशासनिक तथा विद्यापरिषद के सदस्य तथा पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि देश के लगभग 30 करोड़ बच्चे, युवा विभिन्न स्तरों पर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। उनके उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्ता युक्त भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खोले गए हैं। जिसमें डिग्री के साथ कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कृषि की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश और दुनिया की बड़ी आबादी का पेट भरने के लिए खाद्यान्न एवं अन्य भोज्य सामग्री की हमेशा जरूरत पड़ेगी। उन्होंने डॉ स्वामीनाथन तथा डॉ. कुरियन के योगदानों का जिक्र करते हुए हरित क्रांति तथा श्वेत क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न एवं दूध के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब नीली क्रांति का दौर है और आज मत्स्य पालन में देश काफी आगे बढ़ चुका है। उन्होंने भूटान और ताइवान प्रवास के दौरान कृषि कार्य से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों को साझा किया। श्री डेका ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है एवं हम सबको इसे प्राप्त करने के लिए लगातार कार्य करना है। वर्तमान में हम सभी प्रकार के भोजन, अनाज, तिलहन, सब्जी, फल, दूध, मांस, मछली आदि के साथ लगभग 1000 मिलियन टन भोजन का उत्पादन कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक इसे 1500 मिलीयन टन तक बढ़ाना होगा। यह एक चुनौती पूर्ण कार्य है। बदलते मौसम एवं बाजार के उतार चढ़ाव से कृषि में जोखिम बढ़ गया है। श्री डेका ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि ऐसी तकनीक का विकास करें जिससे किसानों की लागत कम हो एवं आय बढ़े। हमें प्राकृतिक खेती एवं दलहन, तिलहन के उत्पादन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं।

**एक नजर**

### बागी न बिगाड़ दें कांग्रेस का खेल

**रायपुर 2 फरवरी।** रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में पार्षद चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। प्रत्याशी घोषित करने में विलंब का खामियाजा कांग्रेस को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है ऐसा दर्जन भर वार्डों में कांग्रेसियों के बागी होने से देखा जा रहा है। जो कि घोषित तौर पर मैदान में उतर आए हैं, परदे के पीछे न जाने कितने लोग काम कर रहे हैं। पुराने पार्षद व कांग्रेस के वार्ड में वजनदार चेहरा समीर अख्तर,जसबीर ढिल्लन,बंटी होरा, आकाशतिवारी, विमल गुप्ता,सतीश जैन,नानू ठाकुर,पूनम पांडेय,अनिता फूटान,पन्ना साहू,भीम यादव,मुकेश चौधरी। निर्दलीय से कांग्रेस और फिर कांग्रेस से निर्दलीय बन चुके जितेन्द्र अग्रवाल का पुरानी बस्ती इलाके में पकड़ तो है। निश्चित तौर पर ये कांग्रेस के वोट बैंक को ही प्रभावित करेंगे और फायदा भाजपा को मिलेगा। अभी पार्टी निष्कासन की कार्रवाई भी नहीं कर पायी है। वैसे भी अब निष्कासन-निलंबन का कोई डर रह नहीं गया,कभी भी पार्टी में वापसी हो जाती है। आठ दिन का दंगल बाकी है,यदि संभल गए तो ठीक नहीं बेड़ा पार।

### पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 में मतदान कराने आज जिले के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के लिए गठित मतदान कर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के संबंध में बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया।

### योगेश कुमार शुक्ला को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत राजनांदगांव जिले के वरिष्ठ लेखाधिकारी संचालनालय भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी श्री योगेश कुमार शुक्ला को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री योगेश कुमार शुक्ला का मोबाईल नंबर 9827182410 है। व्यय प्रेक्षक से नागरिक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्किट हाऊस कमरा नंबर 9 में मिल सकते हैं। सहायक आयुक्त आबकारी राजनांदगांव श्री यदुनन्दन राठौर को व्यय प्रेक्षक के लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लाईजनिंग ऑफिसर द्वारा व्यय प्रेक्षक के जिला आगमन पर आवश्यक समन्वय करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में रहने तक आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### प्रेक्षक जयश्री जैन ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत ठाकुर प्यारे लाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने घरों में झंडे बांधे

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने आज पार्टी के प्रदेशव्यापी अभियान घर-घर भारतीय जनता पार्टी का झण्डा की शुरुआत की। श्री यादव स्वयं चिखली वार्ड के कई घरों में इस अभियान के अन्तर्गत पार्टी के झण्डों को लगाये। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह अभियान पूरे नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डों में पार्टी प्रत्याशी ने भी हर-घर झण्डा अभियान को सफल बनाया।



# संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर आध्यात्मिक चेतना के पुंज: साय

**डोंगरगढ़/रायपुर 2 फरवरी।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आध्यात्मिक चेतना के पुंज थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा आचार्य जी से आशीर्वाद लेते थे, उनसे प्रेरणा ग्रहण करते थे। हम सबका सौभाग्य है कि आचार्य जी ने हमेशा हमें प्रेरित किया। यह छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है कि जिसे आचार्य जी ने इतना प्रेम दिया और संलेखना के लिए प्रदेश की इस धरती को चुना। आज उनकी समाधि स्मृति महोत्सव में दर्शन पाकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मेरी प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ के ऊपर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे, प्रदेश में सदैव खुशहाली हो।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थस्थल में जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में सम्मिलित हुए और समाधि के दर्शन किये। जहाँ देशभर से पहुंचे अनुयायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ वासियों का परम सौभाग्य है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने धर्मचर्या के लिए अपने यशस्वी जीवन का लम्बा समय डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थस्थल में व्यतीत किया। आचार्य जी के विचार और उनका जीवन-दर्शन हम सबको प्रेरणा देता रहेंगे। जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज ने समाज को सत्य, अहिंसा और परमार्थ के मार्ग में चलने के लिए एकजुट किया। बाबा जी का जीवन सर्वजन के लिए अनुकरणीय है।

सीएम साय ने कहा कि आचार्य जी के धार्मिक विचार तो प्रेरित करते ही हैं, भारत के प्रति उनकी सोच भी अनुकरणीय है, जिन्होंने देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। उन्होंने राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। अपने संदेश से उन्होंने भारत की एकता को लगातार मजबूत करने का काम किया। उनका स्पष्ट मत था कि भारत में भारतीय शिक्षण पद्धति लागू हो और लोगों के बीच बातचीत के लिए भारतीय भाषा में व्यवहार हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से उनके विचारों को मूर्त रूप देने का प्रयास किया है। आज हमारी शिक्षा पद्धति भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी हुई है। हमें इस बात कि हार्दिक खुशी है कि आचार्य जी के जीवनकाल में उनका यह स्वप्न मूर्त रूप ले सका। महोत्सव में पूज्य मुनि संतासागर जी महाराज, देशभर से आए मुनिगण, साध्वीगण, अनुयायी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायवार ईवीएम का किया गया आबंटन

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। राजनांदगांव जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर के लिए नगरीय निकायवार ईव्हीएम मशीनों का आबंटन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया की जा रही है। जिसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि ईव्हीएम मशीन की हर एक गतिविधि के दौरान उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर अंतर्गत 120 वार्डों के 235 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा। 160 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा। जिले में कुल 594 बीयू एवं 282 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 395 बीयू एवं 235 सीयू का उपयोग होगा तथा 199 बीयू एवं 47 सीयू रिजर्व है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 39 बीयू एवं 30 सीयू का उपयोग किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम राजनांदगांव एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे, नोडल ईव्हीएम एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव, डीआईओ श्री संतोष सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से श्री अरूण शुक्ला, भाजपा से श्री रघुवीर सिंह वाधवा, कांग्रेस से श्री दौलत सिंह चंदेल, कांग्रेस से श्री कमलजीत सिंह पिंटू, बसपा से श्री शिव शंकर सिंह, शिवसेना से श्री कमल सोनी एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 2025 को रेंडमाईजेशन होगा। जिसके अंतर्गत नगरीय निकायों हेतु मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीन आबंटित किया जाएगा। 7 फरवरी 2025 को ईसीआईएल से इंजीनियरिंग आयेंगे और कमिशनिंग की जाएगी तथा ईव्हीएम मशीनों को निर्वाचन के लिए तैयार किया जाएगा। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 51 वार्डों के 155 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा तथा सभी 155 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए 465 बीयू एवं 186 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 310 बीयू एवं 155 सीयू का उपयोग होगा तथा 155 बीयू एवं 31 सीयू रिजर्व है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 25 बीयू एवं 16 सीयू का उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत 24 वार्डों के 35 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा तथा 5 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के लिए 60 बीयू एवं 42 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 40 बीयू एवं 35 सीयू का उपयोग होगा तथा 20 बीयू एवं 7 सीयू रिजर्व है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 4 बीयू एवं 4 सीयू का उपयोग किया जा रहा है। नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर अंतर्गत 15-15 वार्डों के 15-15 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा। जिसके लिए 23-23 बीयू एवं 18-18 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 15-15 बीयू एवं 15-15 सीयू का उपयोग होगा तथा 8-8 बीयू एवं 3-3 सीयू रिजर्व है। नगर पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया अंतर्गत प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 4-4 बीयू एवं 4-4 सीयू का उपयोग किया जा रहा है तथा नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 2 बीयू एवं 2 सीयू का उपयोग किया जा रहा है।

**समाचार संक्षेप**

### जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया तथा 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 48 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 71 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए दीपक बाई चन्द्रकाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए राम कुमारी देवांगन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए शीला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए संजय कुमार यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए अंगेश्वर कुमार देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए संतोष कुमार देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए मधुकर बंजारे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए इन्दूमती साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए महेन्द्र कुमार यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए निर्मला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए होमदत वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-राका के लिए प्रशांत कोडापे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बोरतलाब के लिए रामछतरी बाई चन्द्रवंशी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए डॉ. प्रकाश शर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए गिरधारी धनेश, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए राजकुमारी सिन्हा ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आज 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इसके अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए ओमप्रकाश साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोला के लिए गीता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए इन्दूमति साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए सिंधु टांडिया, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनीचारभाठा के लिए ईगलाबाई कतलाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए लेखराम चन्द्रवंशी, कौलेश्वर साहू, आजेनदास बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

### इस बजट से तय हो गया भारत विश्व का नेतृत्व करेगा: किरण सिंहदेव

**रायपुर 2 फरवरी।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर देशवासियों को बजट के माध्यम से पूरे देश को एक बड़ी सौगात दी है। यह बजट भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की अवधारणा से पूरिपूर्ण समावेशी और विकास को एक ऊंची उड़ान देने वाला और क्रांतिकारी बदलाव के साथ एक सुदृढ़ और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने वाला है। इसमें देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्ग को जहां 12 लाख की सालाना आय को टैक्स मुक्त करते हुए किसानों को 5 लाख रुपए तक के लोन में छूट दी है। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पीएम धन-धान्य योजना के दायरे को बढ़ा दिया है। इससे खेती-किसानी में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। साथ किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। एक करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिलेगा। श्री सिंह देव ने कहा श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। इस बजट में सबका साथ सबका विकास की अवधारणा का एक वृहद स्वरूप है। जिसमें समाज के सभी वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के लिए कई बड़ी सौगातें शामिल है। श्री किरणदेव सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने यहां डबल इंजन की सरकार बनाकर प्रदेश को विकास के पथ ला दिया है। केंद्रीय बजट में पीएम मोदी की सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है, इससे छत्तीसगढ़ के विकास को और रफ्तार मिलेगी और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। श्री देव ने कहा कि केंद्र और राज्य की योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में निर्बाध और उत्तरोत्तर तेज गति से विकास कर रहा है। केंद्रीय बजट हुई घोषणाओं से छत्तीसगढ़ के विकास में और तेजी आएगी। कहा कि केंद्रीय बजट से किसान, युवा और उद्यमियों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिलेगा। केंद्रीय बजट में सभी वर्गों और क्षेत्र का ख्याल रखा गया है और एक विकासोन्मुखी का समावेश है। श्री किरण सिंहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार देश के किसानों और मजदूरों की सबसे बड़ी हितैषी है। आज छत्तीसगढ़ में धान के समर्थन मूल्य के अलावा देशभर के किसानों को उनके फसलों का वाजिब दाम और उनकी आय को बढ़ाने के कार्य किसी क्रांति से कम नहीं है। किसानों से मोटे आनाज को केंद्र सरकार तीन गुना अधिक दामों पर खरीद रही है। साथ ही खरीफ और रबी की फसलों में एमएसपी में बढ़ोत्तरी की गई है।

# ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के नव्या और नवजीवन ने जीता शीर्ष पुरस्कार




- ऑल इंडिया स्टूडेंट आइडियाथॉन 13 कॉलेज टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया

**रायपुर 2 फरवरी।** बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया स्टूमडेंट आइडियाथॉन, इकोइनोवेटर्स चैलेंज में ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की नव्या तिवारी और नवजीवन कुमार मेहता ने शीर्ष पुरस्कार जीता है। दोनों स्टूडेंट ने ग्रहों की सीमाएं और एआई की क्षमता पर नवाचार का आइडिया प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष-स्तरीय 13 कॉलेजों ने भाग लिया। फाइनलिस्ट ने जैव विविधता, जल प्रदूषण, परिपत्र अर्थव्यवस्था व्यवसाय मॉडल, वायु प्रदूषण और ऊर्जा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विचारों और समाधानों को प्रस्तुत किया। इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, मैं छात्रों को केवल जनरेटिव एआई जैसी तकनीकों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी रचनात्मकता और विचार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। कार्यक्रम मे ग्लोबल लर्निंग काउंसिल के संस्थापक और अध्यक्ष सुब्रा सुरेश, इंफोसिस के सह-संस्थापक एसडी शिबूलाल, वैश्विक व्यापार नेता अन्ना सेलनर, आईआईटी मद्रास के स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की प्रोफेसर इंदुमति नांबी और एक्सिलर वेंचर्स के सह-संस्थापक और सीईओ वी. गणपति ने भी अपने विचार रखे।

### केंद्रीय बजट 3-डी को समर्पित है: धरमलाल कौशिक

**रायपुर 2 फरवरी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्र सरकार की बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र की यह बजट राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने वाली बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदृष्टि का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसे केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देश के सदन के पटल पर रखा है। यह बजट 3ष्ठ को समर्पित है अर्थात डी फॉर - डेवलपमेंट, डी फॉर - डिमांड, डी फॉर - डिजिटाइजेशन डेवलपमेंट के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना। डिमांड से समाज में समग्र पूर्ति की बातें और डिजिटलाइजेशन से समाज में नए भारत और विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का फैसला लिया गया है। बजट में हर वर्ग की इसमें चिंता की गई है। किसान, गरीब, युवा हर कोई इस बजट से बेहद प्रसन्न है। केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा यह निर्णय मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत की बात है। इससे आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेनेरिक दवाइयां, मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे । जिस तरह से GYAN यानी G-गरीब,Y-युवा,A-अन्नदाता और N- नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार समर्पित है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने केंद्र की बेहतर बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अध्यक्ष के लिए 4 एवं 15 वार्डों के पार्षद के लिए 48 अभ्यर्थियों के मध्य होगा निर्वाचन

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष पद के लिए 4 अभ्यर्थी एवं 15 वार्डों के पार्षद पद के लिए 48 अभ्यर्थी के मध्य निर्वाचन होगा। नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए अभ्यर्थियों को प्रतीकों का आबंटन कर दिया गया है। अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी अंजू त्रिपाठी को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी पुष्पदेवी रोशन यदु को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी पिंकी ललित लोढ़ा को बाल्टी एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सरिता ढीमर को ऑटो-रिक्शा प्रतीक आबंटित किया गया है। नगर पंचायत डोंगरगांव के वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी गीता सलामे को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कुंती आल्हा को कमल, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी निर्मला बाई को कमल एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी वैशाली बोरकर को हाथ, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी प्रियंक जैन (रिन्टु) को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष यादव को कमल एवं शिवसेना के अभ्यर्थी विक्रम कुमार लहरे को तीर-कमान, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी रोहित गुप्ता को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संजय मुटकुरे को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी अक्षय कुमार जैन (चंकी) को ब्लैक बोर्ड, निर्दलीय अभ्यर्थी ज्ञानेश्वर हिरवानी (बड़े) को बल्ला, निर्दलयी अभ्यर्थी रवि शुक्ला को बिस्कुट एवं निर्दलीय अभ्यर्थी विकास गुप्ता को पेट्रोल पम्प, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी अखिलेश नखत को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी प्रफुल्ल जैन राजा को कमल, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी अरूणा देवांगन को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी गायत्री यादव को कमल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी संगीता अहीर को अलमारी, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कोमल साहू को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी सतीश दाऊ को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी सिद्दीक बडगुजर को बल्ला, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी रीतु सोनकर को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रुति शुक्ला को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी नफीशा सिद्दिक बडगुजर को बल्ला एवं निर्दलीय अभ्यर्थी वर्षा सोनी को नारियल फार्म, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी अजय कुमार मंडलोई को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी लीला राम मंडलोई को कमल, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी लक्ष्मी नारायण सेन को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी महेन्द्र वैष्णव को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी जितेन्द्र सोनकर को झूला आदि बोर्ड प्रतीक आबंटित किया गया है।

# सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता: राजपाल यादव

- इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स: युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व का जश्न
- इंदिरा यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में राजपाल यादव ने साझा की अपनी कहानी और युवाओं को किया प्रेरित




**रायपुर 2 फरवरी।** इंदिरा यूनिवर्सिटी के राजधानी रायपुर में आयोजित इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई दिशा दिखाई। इस प्रेरणादायक शाम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने शिरकत की और अपने जीवन के संघर्षों और सफलता के अनुभवों को साझा किया।

राजपाल यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों और संघर्षों को गले लगाना ही असल सफलता की ओर बढ़ने का रास्ता है। जो व्यक्ति बिना संघर्ष के सफलता की राह पर चलता है, वह केवल चमत्कारी परिणाम की उम्मीद करता है, लेकिन असल में सफलता वह है जो परिश्रम और कठिनाइयों से गुजरने के बाद प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार भी देती है। शिक्षा के जरिए हम सिर्फ पढ़ाई नहीं करते, बल्कि अपने भीतर अनुशासन और ईमानदारी जैसी महत्वपूर्ण बातें भी सीखते हैं, जो हमें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाती हैं।

राजपाल यादव ने अपनी सफलता के सफर का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कई संघर्षों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने बताया कि मेरे पास शुरुआत में कोई बड़ा नाम नहीं था, लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं हार मानूंगा। मैंने छोटी-छोटी भूमिकाओं से शुरुआत की और जब मेहनत एवं लगन से काम किया और आज इस मुकाम पर हूं।

राजपाल यादव ने युवाओं से यह भी कहा कि वे सिर्फ अपने करियर के बारे में नहीं सोचें, बल्कि समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना देखें। उन्होंने समाज में योगदान और नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हमारे पास जो कुछ भी है, उसे साझा करना ही असली सफलता है।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. पंडित माली, सीईओ, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे और रजी थॉमस, चीफ कॉर्पोरेट रिलेशन्स एंड आउटरीच ऑफिसर, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाने वाले व्यक्तियों को लीडरशिप अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, प्रोफेशनल्स और शिक्षक शामिल थे। सम्मानित होने वाले में इंदिरा के पुणे इंस्टिट्यूट के एमबीए के सैकंड बैच का स्टूडेंट और वर्तमान में कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, मीडिया जगत के विरेन्द्र शर्मा, कौशल स्वर्णबेर, समरेन्द्र शर्मा, बृजेश द्विवेदी और विनय बैस प्रमुख थे। इस आयोजन ने इंदिरा यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को फिर से उजागर किया कि वह भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और पहल प्रदान करने में समर्पित है।

# केंद्रीय बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज: मुख्यमंत्री विष्णु देव

**रायपुर, 2 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है। श्री साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री श्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है। आज पेश हुआ यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। । 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है।

## अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट में भारत में मुफ्त मनोरंजन के भविष्य की रूपरेखा पेश की गई

अमेज़न एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। यह स्टार-स्टडेड इवेंट भारत में कंटेंट की खपत के बदलते परिप्रेक्ष्य को प्र र्दिशत करने के साथ यह




दिखाता है कि कैसे अमेज़न एमएक्स प्लेअर विज्ञापनदाताओं के लिए मजबूत और अविस्मरणीय ब्रांड बनाने में एक परिवर्तनकारी साझेदार बन रहा है। बॉबी देओल (आश्रम 3), सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ (हंटर 2), रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा (हिप हॉप इंडिया 2), अशनीर ग्रोवर (राइज एंड फॉल) जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेज़न एमएक्स प्लेअर ने 2025 के लिए अपनी 100 से अधिक नई शोज़ की सूची पेश की। अमेज़न ऐड्स इंडिया के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा, "आज की बैठक का उद्देश्य अमेज़न एमएक्स प्लेअर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है, जो विज्ञापन तकनीक के साथ अमेज़ॅन के खरबों ग्राहक को एक साथ लेकर आती है। "यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो Amazon पर बिकते हैं, ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकर्ताओं तक पहुंच सकें।

## सीरत कपूर ने जटस्य मरणं ध्रुवम् में अपने बेहतरीन अभिनय से जीता दिल

सीरत कपूर, जिन्हें टॉलीवुड की क्वीन और एक सच्ची स्टाइल आइकन के रूप में जाना जाता है, सीरत एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया है। उनकी आने वाली फिल्म जटस्य मरणं ध्रुवम् ने किरदार की झलकियों के बाद दर्शकों में उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फैंस और क्रिटिक्स दोनों ने फिल्म और सीरत कपूर की अदाकारी की जमकर तारीफ की है। फिल्म में सीरत कपूर के साथ नरेश अगस्त्य और जेडी चक्रवर्ती भी नजर आएंगे। इनकी झलकियों ने दर्शकों को फिल्म रिलीज का इंतजार करने पर मजबूर कर दिया है।फैंस सोशल मीडिया पर तारीफों की बौछार कर रहे हैं। कोई कहता है, "सीरत कपूर ने अपने किरदार को इतनी गहराई से निभाया है कि हर सीन में उनका जलवा दिखता है।" वहीं, दूसरे कहते हैं, "उनकी भावनात्मक गहराई उनके किरदार में जान डाल देती है।"लोग उनके अभिनय को बहुमुखी और प्रभावशाली बताते हुए लिखते हैं, "सीरत कपूर ने अपने किरदार की आत्मा को बखूबी पकड़ा है, जो लंबे समय तक यादगार रहेगा।" साथ ही, "उनका मजबूत और प्रभावी प्रदर्शन फिल्म को ऊंचाई पर ले जाता है।"फिल्म के झलकियों में जले हुए बस के दृश्यों जैसी इंटेंस विजुअल्स ने रोमांच बढ़ा दिया है। नरेश अगस्त्य और जेडी चक्रवर्ती की स्टारकास्ट ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। फैंस कह रहे हैं, "जेडी चक्रवर्ती और सीरत कपूर को साथ में देखने का इंतजार नहीं कर सकते! ₹ " और "सीरत कपूर का रोल काफी अहम लग रहा है! एक्साइटेड!" फिल्म का नाम, जिसका मतलब है "जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु निश्चित है

## सिंग्गा का बोल्ड लुक 'फक्कर' में , दिलजीत का आइकॉनिक स्टाइल 'पंजाब 95' में

सिनेमा में फैशन सिर्फ पर्दे तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि यह किरदारों और उनकी कहानियों को भी दर्शाता है। हाल ही में पंजाबी इंडस्ट्री के दो सितारे, सिंग्गा और दिलजीत दोसांझ, अपनी-अपनी फिल्मों 'फक्कर' और 'पंजाब 95' में खास लुक्स लेकर आए। दोनों के लुक्स उनके किरदारों को पूरी तरह से दिखाते हैं, लेकिन इनका स्टाइल काफी अलग है। 'फक्कर' में सिंग्गा का लुक बोल्ड और रफ है। उनका किरदार जिंदगी को बिना किसी दिखावे के जीता है। उनके कपड़े पुराने, सादे और मिट्टी के रंगों में हैं। बिखरे हुए बाल उनके किरदार की सादगी और आत्म-संतोष को दर्शाते हैं। इस लुक को तैयार करने के लिए सिंग्गा को हर दिन 6-7 घंटे प्रोस्थेटिक मेकअप में लगते थे। वहीं, 'पंजाब 95' में दिलजीत दोसांझ जसवंत सिंह खालरा का किरदार निभा रहे हैं। खालरा एक बहादुर सिख एक्टिविस्ट थे जिन्होंने पंजाब में हुई कई गैर-कानूनी हत्याओं और गायब हुए लोगों का सच सामने लाया था। दिलजीत का लुक साधारण है लेकिन उसमें बहुत गहराई है। उनके चेहरे पर खून और चोट के निशान उनके संघर्ष और साहस को दिखाते हैं। दोनों कलाकारों ने अपने किरदारों के हिसाब से फैशन को अपनाया है। सिंग्गा और दिलजीत दोनों ने अपने लुक्स के जरिए अपनी कहानियों को और असरदार बना दिया है। कौन है सबसे बेस्ट? यह तो आपकी पसंद पर निर्भर करता है, लेकिन इतना तय है कि दोनों ने पंजाबी सिनेमा में फैशन का लेवल ऊंचा कर दिया है। उनके लुक्स यह याद दिलाते हैं कि स्टाइल सिर्फ पहनावे का हिस्सा नहीं, बल्कि कहानी कहने का एक दमदार जरिया भी हो सकता है।

## कशिका कपूर की लव योर फादर ट्रेलर में विंक ने मचाई धूम

बहुप्रतीक्षित फिल्म लव योर फादर (LYF) का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। इसमें एक्शन, ड्रामा, म्यूजिक और इमोशंस का शानदार मिश्रण है। ट्रेलर एक ऐसी कहानी की झलक देता है जो दिल को छूने वाली और दिलचस्प है। LYF एक पिता और उसके बच्चे के बीच के मजबूत



रिश्ते का जश्न है, जो दर्शकों को एक भावुक सफर पर ले जाएगा और परिवार के महत्व को गहराई से महसूस कराएगा। इस फिल्म का निर्देशन टैलेंटेड पवन केथराजू ने किया है और इसमें श्री हर्षा, कशिका कपूर, नवाब शाह और एस.पी.बी. चरण जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक मणि शर्मा ने तैयार किया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर श्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी (फिल्म्स मंत्री) भी मौजूद थे, जिससे इस इवेंट को और खास बना दिया गया। अपनी पहली फिल्म से बड़े पर्दे पर कदम रख रहीं कशिका कपूर इस समय की सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन गई हैं। ट्रेलर में उनकी नैचुरल चार्म और कॉन्फिडेंस सबको इम्प्रेस कर रहा है। कशिका ने एक बेटी का रोल निभाया है, जो अपने पिता के साथ गहरा और दिल को छू लेने वाला रिश्ता साझा करती है। डेब्यू एक्ट्रेस होते हुए भी कशिका ने अपनी भूमिका को इतनी सहजता और खूबसूरती से निभाया है कि ये यकीन करना मुश्किल है कि ये उनकी पहली फिल्म है।

## सीरत कपूर की "जतस्य मरणं ध्रुवम्" आपको सीट से चिपकाए रखेगी!

सीरत कपूर, जिन्हें तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन कहा जाता है, अपनी आगामी पैन-इंडिया फिल्म जतस्य मरणं ध्रुवम् में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। अपनी शानदार अभिनय क्षमता और स्क्रीन पर मौजूदगी के लिए मशहूर सीरत एक ऐसे चुनौतीपूर्ण रोल में नजर आने वाली हैं जो उनकी अभिनय यात्रा को




नया मोड़ देगा। यह एक सायकलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर है, जो उनके करियर के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला है, और इसमें सीरत एक ऐसी भूमिका में दिखेंगी जिसे उनके फैंस ने पहले कभी नहीं देखा। फिल्म की रोमांचक कहानी और सीरत के जबरदस्त किरदार ने पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में, सीरत कपूर एक ऐसे किरदार को निभाएंगी जो उनके अब तक के किरदारों से बिल्कुल अलग है। जतस्य मरणं ध्रुवम् एक ऐसी फिल्म है जो मानसिक ड्रामा और सस्पेंस का मिश्रण है, और इसमें सीरत का किरदार बिल्कुल नए रूप में नजर आएगा। वह एक ऐसे किरदार में दिखेंगी जो न सिर्फ चतुर और बहादुर है, बल्कि दर्शकों को हर पल हैरान कर देगा। "मैं बहुत उत्साहित हूं कि दर्शक मेरे इस बिल्कुल नए रूप को देखेंगे। मेरा किरदार बहुमुखी है—बुद्धिमान, निडर और तेज़।

## सिंगा का 'फक्कर' फिल्म के लिए नया और दमदार लुक, महाकुंभ यात्रा के दौरान फैंस को दंग कर दिया

पंजाबी सिंगर और एक्टर सिंगा एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार एक बिल्कुल नए कारण से। अपने दमदार संगीत और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए मशहूर सिंगा फिल्म फक्कर में अपनी नई और अलग भूमिका के लिए चर्चा में हैं। हाल ही में महाकुंभ यात्रा के दौरान उनका




ट्रांसफॉर्मेशन देखकर फैंस हैरान रह गए, क्योंकि उनका लुक उनके पुराने अवतार से पूरी तरह से अलग था। यह कच्चा और बिना सजाया हुआ लुक उनके आत्म-संवर्धन और आंतरिक संतुलन की ओर उनके सफर को दर्शाता है, जो पारंपरिक फैशन से एकदम विपरीत है। महाकुंभ में फैंस सिंगा को इस नए रूप में देखकर अचरज में रह गए , क्योंकि वे एक पूरी तरह से अलग अंदाज में नजर आ रहे थे। अपने पहले के शाही और परिष्कृत लुक के मुकाबले, उनका यह रूप सभी को चौंका गया, और लोग फिल्म फक्कर के उनके किरदार के बारे में अनुमान लगाने लगे। सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा तेज़ हो गई, जिससे फिल्म के लिए और भी ज्यादा उत्सुकता बढ़ी। फक्कर, जिसे सिंगा ने लिखा, निर्देशित और संकल्पित किया है, आत्म-खोज, संघर्ष और मुक्ति जैसे विषयों पर आधारित है। यह फिल्म महाकुंभ के आध्यात्मिक माहौल में सेट की गई है.

## जियोर्जिया एंड्रियानी ने अपनाई भारतीय संस्कृति मशहूर गुरु राजेंद्र चतुर्वेदी से सीखी कथक कला

अभिनेत्री जियोर्जिया एंड्रियानी, जो अपनी खूबसूरती और आकर्षण के लिए जानी जाती हैं, 2025 की शुरुआत एक नए उत्साह और खुद को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ कर रही हैं। अपने इस साल के फोकस को खुद पर केंद्रित करते हुए, जियोर्जिया ने अपनी कलात्मक यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय शास्त्रीय नृत्य ₹कथक₹ सीखने का फैसला किया है। उन्होंने कथक की ट्रेनिंग मशहूर कथक नृत्यकार और बॉलीवुड कोरियोग्राफर *राजेंद्र चतुर्वेदी* के मार्गदर्शन में शुरू की है। राजेंद्र चतुर्वेदी बनारस घराने की शैली के कलागुरु हैं और गोपी कृष्ण और सितारा देवी जैसे महान कलाकारों से प्रेरित हैं। वे नटराज गोपी कृष्ण इंस्टीट्यूट चलाते हैं और कई प्रसिद्ध कलाकारों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। इसके साथ ही वे फिल्मों, टीवी, और विज्ञापनों में शास्त्रीय और आधुनिक कला के बेहतरीन मिश्रण के लिए भी जाने जाते हैं। जियोर्जिया एंड्रियानी ने अपने कथक सीखने की शुरुआत को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए दिखाया। इन वीडियो में उनकी नृत्य कला और सीखने के प्रति समर्पण साफ नजर आता है। वीडियो में वह पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। उन्होंने एक साधारण कुर्ती और लेगिंग के साथ सफेद दुपट्टा पहना हुआ था, जो उनकी सादगी को और भी खास बना रहा था। उनके पैरों में घुंघरू बंधे थे, जो हर कदम के साथ खूबसूरत ध्वनि उत्पन्न कर रहे थे। बाल खुले हुए थे, जो उनकी प्राकृतिक खूबसूरती को और निखार रहे थे।

## मधनिया पोस्टर ने डेलबार आर्या की अब तक की सबसे प्रमुख परफॉर्मेंस का किया खुलासा

बहुत ही प्रतीक्षित पंजाबी फिल्म 'मधनिया' ने अब तक के सबसे रोमांचक सिनेमाई अनुभव का संकेत दिया है, और हाल ही में जारी हुआ पोस्टर और भी ज्यादा उम्मीदें जगाता है। इस फिल्म में डेलबार आर्या अपनी सबसे प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जबकि नव बाजवा भी उनके साथ हैं। फिल्म एक गहरी और आकर्षक कहानी पेश करने का वादा करती है। अपनी आकर्षक परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रजेंस के लिए जानी जाने वाली डेलबार आर्या, 'मधनिया' के साथ बड़े पर्दे पर दर्शकों को एक भावनात्मक और गहरे सफर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म के पोस्टर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है और यह जिज्ञासा पैदा कर दी है कि उनकी भूमिका कैसी होगी। इस फिल्म में डेलबार का रूपांतरण सबसे बड़े आकर्षण के रूप में सामने आने की संभावना है। नव बाजवा, जिनकी कड़ी और आकर्षक उपस्थिति है, डेलबार के साथ शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का संकेत देते हैं। उनकी आत्मविश्वासपूर्ण छवि फिल्म के माहौल में और भी गहराई जोड़ती है, यह बताती है कि 'मधनिया' में प्यार, सहनशीलता और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों की खोज की जाएगी। डेलबार और नव की जोड़ी ने पहले ही दर्शकों के बीच हलचल मचाई है। फिल्म में एक मजबूत सहायक कास्ट भी है, जिसमें अनुभवी अभिनेता जैसे गुरप्रीत घुग्गी, करमजीत अनमोल और निर्मल ऋषि शामिल हैं, जिनके प्रदर्शन से कहानी को और भी गहराई मिलने की उम्मीद है।

## दिलीप पटेल के घर पहुंचा पुष्पा का परिवार

सोनी सब का लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल दर्शकों को प्रेरणादायक कहानी से जोड़ रहा है। इस शो की नायिका पुष्पा (करुणा पांडे) एक मजबूत और दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला हैं, जो हर चुनौती



का सामना हिम्मत और सकारात्मकता के साथ करती हैं। हाल ही के एपिसोड में दर्शकों ने देखा कि पुष्पा के बेटे चिराग (दर्शन गुर्जर) ने तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए चिराग के ससुर बापोदरा को पता चलता है कि पुष्पा ने अपना घर गिरवी रखा है। वह इस सच का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करता है और चिराग को घर के कागजात दिखाकर सख्त चेतावनी देता है—या तो वह तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर करे, या फिर उसका पूरा परिवार बेघर हो जाएगा। इस दबाव में चिराग को आखिरकार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने पड़ते हैं।आगामी एपिसोड में, जब सुशीला को बापोदरा की अलमारी में गिरवी के कागजात मिलते हैं, तो वह यह सच्चाई प्रार्थना को बताती है। इससे प्रार्थना को एहसास होता है कि चिराग ने तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर क्यों किए थे। वह बापोदरा का सामना करती है, लेकिन बापोदरा बदले में एक कठोर शर्त रखता है—अगर पुष्पा चाहती है कि उसका परिवार घर में बना रहे, तो उसे प्रार्थना को अमेरिका जाने के लिए मनाना होगा। इस परिस्थिति में पुष्पा को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## काली मां के रूप में प्राची बंसल का किया रूपांतरण

सोनी सब के लोकप्रिय शो ₹श्रीमद् रामायण₹ में श्री श्रीराम (सुजय रेउ) और माता सीता (प्राची बंसल) की महागाथा दर्शकों को लगातार मंत्रमुग्ध कर रही है। हाल ही में शो में एक अत्यंत शक्तिशाली




दृश्य प्रस्तुत किया गया, जहां माता सीता ने सहस्रमुख रावण (प्रणीत भट्ट) से श्री राम को बचाने के लिए काली मां का रौद्र रूप धारण किया। इस नाटकीय दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया, और काली मां के इस प्रतिष्ठित स्वरूप को पर्दे पर उतारने की कहानी भी उतनी ही प्रभावशाली है। कोलकाता के प्रसिद्ध मूर्तिकला केंद्र कुम्हारटोली की प्रेरणा से इस रूपांतरण को वास्तविकता के करीब लाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। एक कुशल मेकअप आर्टिस्ट कोलकाता से सीधे उमरगांव के सेट पर पहुंचे, जिन्होंने प्राची बंसल के इस शक्तिशाली रूप को साकार किया। काली मां के पारंपरिक आभूषण, जैसे मुंड माला और चंड माला, विशेष रूप से तैयार कर 48 घंटे के भीतर सेट तक पहुंचाए गए। यही नहीं, कुम्हारटोली के विशेषज्ञ कारीगर स्वयं उमरगांव आए ताकि हर छोटे-बड़े बारीकी को सटीक रूप से उकेरा जा सके—चाहे वह आभूषण हों या मां काली के प्रतीकात्मक तत्व।

इस अनुभव के बारे में बात करते हुए, प्राची बंसल ने कहा, ₹मैं यह देखकर अभिभूत हो गई कि काली मां के रूप में मेरे लुक को लेकर

## कलाकारों ने रखे वसंत पंचमी पर अपने विचार

वसंत पंचमी वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है और यह ज्ञान, बुद्धि और नए आरंभों का उत्सव मनाने का दिन है। इस खास अवसर पर सोनी सब के कलाकार माँ सरस्वती को सर्मिपत इस पर्व से जुड़ी



अपनी यादें और इसके महत्व पर अपने विचार साझा कर रहे हैं। करुणा पांडे, नवीन पंडिता और पंकज बेरी, जो अपने शो के जरिए दर्शकों को आनंदित करते हैं, इस दिन के महत्व और इसे अपनी रचनात्मकता व सीखने की प्रेरणा के रूप में कैसे अपनाते हैं, इस पर चर्चा कर रहे हैं। करुणा पांडे, जो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में पुष्पा की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, ₹मैं उत्तराखंड से हूं, जहाँ वसंत पंचमी बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। बचपन की कई खूबसूरत यादें हैं, जब हम माँ सरस्वती की पूजा करते थे। मेरी दादी कहती थीं कि माँ सरस्वती को पीला रंग बहुत पसंद है, इसलिए, हम सभी पीले कपड़े पहनते थे। हमारे इलाके में 'चौंफुला' और 'झुमैलिया' नृत्य भी होते थे, जो बेहद आकर्षक लगते थे। वसंत पंचमी मुझे हमेशा अपनी किरदार पुष्पा की भावना की याद दिलाती है—परिस्थितियाँ कैसी भी हों, हमेशा बदलाव को अपनाना और सीखते रहना चाहिए। यह मेरे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में मेरे लिए एक महत्वपूर्ण शिक्षा बनी हुई है।" नवीन पंडिता, जो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में अश्विन पटेल की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, ₹वसंत पंचमी मेरे लिए हमेशा खास रही है ।

## 'वागले की दुनिया' में आतंकी हमले को रोक पाएंगे?

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' एक आम मध्यमवर्गीय परिवार की रोजमर्री की चुनौतियों और संघर्षों को दर्शकों के सामने लाता है। हाल के एपिसोड्स में राजेश




वागले (सुमित राघवन) एक ऐसी घटना का सामना करते हैं, जो उनकी जिंदगी को पूरी तरह बदल देती है। एक सुनसान हाइवे पर फंसे राजेश को एक अनजान व्यक्ति एक साधारण-सा चार्जर देता है, जिस पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते। लेकिन अचानक लगे एक झटके से उन्हें भविष्य की झलकियां दिखाई देने लगती हैं। शुरुआत में, राजेश इन दृश्यों को महज एक भ्रम समझते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें एहसास होता है कि जो कुछ वह देख रहे हैं, वह वास्तव में सच हो रहा है। इसी दौरान एक पूर्वाभास उनकी रूह कंपा देता है—मुखौटे पहने लोग, स्कूल की प्रार्थना सभा और एक शक्तिशाली मंत्री को निशाना बनाता बम विस्फोट। जब राजेश यह महसूस करते हैं कि इस दृश्य में उनके अपने बच्चे भी शामिल हैं, तो उनके पास समय बहुत कम बचता है। अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे जल्द से जल्द इस हमले को रोकें।

लेकिन क्या पुलिस और प्रशासन उनकी चेतावनी पर विश्वास करेंगे? क्या राजेश अपने पूर्वाभास के आधार पर सही समय पर कार्रवाई कर पाएंगे और अपने बच्चों समेत कई मासूम जिंदगियों को बचा पाएंगे?

## गिरगिट राज से हुआ तेनाली रामा का आमना-सामना

सोनी सब का लोकप्रिय शो तेनाली रामा अपनी अनोखी कहानियों और बुद्धिमत्ता से भरपूर रोमांचक घटनाओं से दर्शकों को लगातार लुभा रहा है। इस शो में तेज-तर्रार तेनाली रामा (कृष्ण भारद्वाज) की अनूठी बुद्धिमानी



और हास्य से भरी रोमांचक यात्रा दिखाई जा रही है। हाल ही के एपिसोड्स में, तेनाली लंबे समय बाद विजयनगर राज्य में वापसी करते हैं, जहां नई और कठिन चुनौतियाँ उनका इंतजार कर रही हैं। अपनी चतुराई और हाजिरजवाबी के साथ वह राज्य की रक्षा करने के लिए कठिन चुनौतियों का सामना करते हैं। दर्शकों ने देखा कि दो साल बाद जब तेनाली विजयनगर की शत्रुतापूर्ण राजदरबार में लौटते हैं, तो उन्हें न केवल लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ता है, बल्कि एक जटिल मामले को भी हल करना होता है, जिससे उनकी बुद्धिमत्ता और दृढ़ निश्चय की कड़ी परीक्षा होती है।

आगामी एपिसोड्स में, तेनाली रामा का सामना गूढ़ शक्तियों वाले एक रहस्यमयी व्यक्ति गिरगिट राज (सुमित कौल) से होगा, जो गुप्त रूप से विजयनगर के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा है। जैसे-जैसे तेनाली सुरागों को जोड़ते हैं, उन्हें पता चलता है कि दो साल पहले जो अजीब घटनाएँ हुई थीं, उनके पीछे गिरगिट राज ही था और उसी की साजिश के कारण तेनाली को विजयनगर से निष्कासित कर दिया गया था।

समय तेजी से बीत रहा है, क्या तेनाली अपनी चतुराई से गिरगिट राज को मात देकर विजयनगर को इस संकट से बचा पाएंगे?

## राइट्स इश्यू में शेयर की कीमत 14.5 रुपए प्रति शेयर है

भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीकः 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है। इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी। मार्च-2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 598 लाख रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 582 लाख रुपए था।इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 12439 लाख दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 10767 लाख रुपए था। राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग ऋणों के पूर्व भुगतान/पुनर्भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नितेश वघासिया ने कहा कि, "हमारा राइट्स इश्यू जिम्मेदार विकास, वित्तीय लचीलापन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्र र्दिशत करता है।

## मनबा फाइनेंस लिमिटेड को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

मनबा फाइनेंस लिमिटेड को अपने ऋण उपकरणों और बैंक सुविधाओं के लिए केयर रेटिंग्स लिमिटेड से क्रेडिट रेटिंग आउटलुक संशोधन प्राप्त में अपग्रेड किया गया है। पियाजियो वाहनों के साथ रणनीतिक साझेदारीः एमएफएल ने भारत के ईवी संक्रमण और उद्यमिता का समर्थन करते हुए 3-पहिया वाहनों के लिए अनुरूप वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए पियाजियो वाहन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सहयोग कम डाउन पेमेंट विकल्प, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें और एक सुव्यवस्थित डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया प्रदान करता है। महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए विशेष वित्तपोषण प्रावधान किए गए हैं।

सफल आईपीओ और मभममभः 30 सितंबर 2024 को एमएफएल के आईपीओ और बीएसई और एनएसई पर इक्विटी शेयर लिस्टिंग का समापन।रिकॉर्ड वितरणः ₹326.72 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक वितरण हासिल किया, जो वित्त वर्ष 24 की पिछली तिमाही में ₹253.10 करोड़ से उल्लेखनीय वृद्धि है। मजबूत शुद्ध ब्याज आयः ₹36.09 करोड़ की शुद्ध ब्याज आय दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 24 की पिछली तिमाही में ₹22.00 करोड़ की तुलना में मजबूत वृद्धि को दर्शाती है। स्थिर विकास पर ध्यानः जोखिमों को कम करते हुए और प्रमुख कारकों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करते हुए सतत विकास के लिए प्रतिबद्धता। परिणाम पर टिप्पणी करते हुए, मनबा फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनीष शाह ने कहा, "मनबा अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के रणनीतिक विविधीकरण और नए भौगोलिक बाजारों में विस्तार द्वारा संचालित अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखता है।

## सितारों ने शेयर किये अपने पसंदीदा मेकअप लुक्स

मेकअप सिर्फ खूबसूरती को निखारने का जरिया ही नहीं है; बल्कि यह एक ऐसी कला है, जो आपके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और स्टाइल को व्यक्त करती है। एण्डटीवी के कलाकारों की अपनी एक खास मेकअप स्टाइल है, चाहे वह ग्लॉसी हो, न्यूड हो या बोल्ड। उनके ऑन-स्क्रीन लुक से लेकर



रोज़मर्री के ग्लैम तक, आइए जानते हैं कि स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) को किस तरह का मेकअप स्टाइल पसंद है। 'भीमा' में धनिया का किरदार निभा रहीं, स्मिता सेबल ने बताया, ''घर से बाहर निकलते समय मैं फ्रेश, ड्यूई मेकअप लुक पसंद करती हूं, जो मेरे नैचुरल ग्लो को बढ़ाये। चूंकि, मुझे बहुत ज्यादा मेकअप नहीं चाहिये, इसलिये मुझे लाइट फाउंडेशन, सॉफ्ट ब्लश और एक ग्लॉसी लिप पसंद है, जिससे मेरा फेस रेडिएंट दिखे। आंखों पर हल्का सा शिमर खूबसूरती मै चार-चांद लगाता है और रोजाना के इस्तेमाल के लिये परफेक्ट है। धनिया के मेरे किरदार के लिए, मेकअप बहुत ही नैचुरल और सिंपल रखा जाता है, जिसमें अर्दी टोन्स का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सौम्य और नो-मेकअप लुक है, जो उसके पारंपरिक और विनम्र व्यक्तित्व से मेल खाता है। मेकअप करते समय हमेशा इसका ध्यान रखा जाता है कि प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाया जाए, न कि इसे अधिक किया जाए, जो मुझे सचमुच बहुत अच्छा लगता है।'' गीतांजलि मिश्रा, जोकि 'हप्पू की उलटन

## ऐक्टर सानंद वर्मा ने बताया- 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी के रोल के लिये दिया था ऑडिशन

सानंद वर्मा ने एण्डटीवी के कल्ट कमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनोखे लाल सक्सेना के अनोखे, एनर्जेटिक और मजेदार अंदाज से दर्शकों को खूब हंसाया है। उनके खास डायलॉग



"आई लाइक इट" और अनोखी हरकतों ने सक्सेना को दर्शकों का चहेता किरदार बना दिया है। इस खास बातचीत में सानंद वर्मा ने इस प्यारे किरदार को निभाने, संघर्षों से भरे अपने सफर और शो से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में दिल खोलकर बात की।

**अनोखे लाल सक्सेना बेहद अनूठा किरदार है। क्या चीज उसे सबसे अलग बनाती है?**

सक्सेना एक ऐसा किरदार है जो बिलकुल अलग है! उसकी अजीब आदतें, आशावादी नजरिया और हैरान करने वाला व्यवहार उसे यादगार बनाते हैं। अपने अनोखेपन के बावजूद, उसमें एक मासूमियत है जो दर्शकों से जुड़ती है। सक्सेना का किरदार भारतीय टेलीविजन पर सबसे खास है। मुझे यकीन है कि ऐसा कोई और किरदार नहीं है जो गिरगिट पालता हो, उनका खून पीता हो, सांप के काटने का मजा लेता हो, या फिर मजे के लिए बिजली का झटका खाता हो! उसकी ये विचित्र आदतें उसे सबसे अलग बनाती हैं। सक्सेना को बनाने के लिए काफी सोच-विचार और प्रयोग की जरूरत पड़ी, लेकिन उसके अजीब मगर प्यारे व्यवहार ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। उसकी अप्रत्याशित और अनोखी विशेषताएं ही उसे भारतीय टेलीविजन की दुनिया में एक यादगार और आइकनिक किरदार बनाती हैं।

**सक्सेना से आप व्यक्तिगत रूप से कितना जुड़ाव महसूस करते हैं?**

सक्सेना का किरदार मेरे व्यक्तित्व को कई तरीकों से दर्शाता है। उसकी तरह ही मैं भी हर स्थिति में हास्य और आनंद ढूंढने की कोशिश करता हूं , फिर चाहे हालात कितने भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो। उसका मजाकिया अंदाज और सकारात्मक नजरिया मुझसे काफी गहराई से जुड़ा हुआ है। सक्सेना का किरदार निभाना बिल्कुल नैचुरल लगता है, जैसे कि मैं खुद को ही स्क्रीन पर प्रस्तुत कर रहा हूं।

**'भाबीजी घर पर हैं' के साथ जुड़ने के बाद आपके साथ सबसे अच्छी चीज क्या हुई है?**

'भाबीजी घर पर हैं' सिर्फ एक शो नहीं है, बल्कि मेरी जिंदगी को बदलने वाले आशीर्वाद की तरह है। इसने मुझे बहुत पहचान दिलाई है और एक ऐसा किरदार बन गया है, जिससे लोग प्यार करते हैं। मुझे याद है एक बार हम सेंट्रल लंदन में शूटिंग कर रहे थे और भीड़ में से लोग मेरे पास आये और कहने लगे, ''सक्सेना जी, आई लाइक इट!'' उन्होंने मेरे साथ तस्वीरें खिंचवाई और वह बेहद खुशनुमा अनुभव था। उस समय मुझे अहसास हुआ कि यह किरदार और शो दुनिया भर में लोगों के लिये क्या मायने रखता है। यह शो और सक्सेना बतौर ऐक्टर मेरी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं और मैं इसके लिये हमेशा आभारी रहूंगा।

## कलाकारों ने दिये जिम फैशन के शानदार टिप्स

फिटनेस सिर्फ शरीर को फिट रखने का नाम नहीं है, यह एक लाइफस्टाइल है जिसमें स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मविश्वास सभी पर पूरा ध्यान रखना पड़ता है। एण्डटीवी के कलाकार अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए एक डेडिकेटेड वर्कआउट रूटीन फलो करते हैं, और उनका जिम



फैशन उनकी पर्सनैलिटी और मोटिवेशन को दर्शाता है। आरामदायक एक्टिववेयर से लेकर स्टाइलिश वर्कआउट गियर तक, यहां जानें कि कैसे विक्रम द्विवेदी ('भीमा' के विशंभर सिंह), सोनल पंवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनिता भाबी) फिट रहते हुए अपने फैशन गेम को भी मजबूत रखते हैं! विक्रम द्विवेदी, जोकि 'भीमा' में विशंभर सिंह का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''जिम फैशन के मामले में मुझे स्टाइल और फंक्शन दोनों का अच्छा मेल पसंद है, जैसे कि क्विक-ड्राई टी-शर्ट्स, अच्छे फिटिंग वाले जगर्स और ड्यूरेबल स्पोर्ट्स शूज। क्योंकि मैं वर्कआउट्स के दौरान खूब पसीना बहाता हूं, इसलिए मैं ऐसे कपड़े चुनता हूं जो ब्रीदेबल हों और आरामदायक रहें। स्मार्टवच जैसे एक्सेसरीज़ से अपनी प्रोग्रेस ट्रैक करता हूं और एक स्वेट-प्रूफ हेडबैंड से अपना लुक कम्प्लीट करता हूं। जिम में अच्छा दिखना मुझे लगातार मेहनत करने की अतिरिक्त प्रेरणा देता है।'' सोनल पंवार, जो कि 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं.''मेरे लिए फिटनेस शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत को बनाए रखने का तरीका है।

## ड्रामा, कॉमेडी और मनोरंजन से भरा सप्ताह

एण्डटीवी के शोज़ 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानियां दर्शकों का मनोरंजन करेंगी और उन्हें टीवी स्क्रीन्स से चिपका कर रखेंगी। एण्डटीवी के 'भीमा' की कहानी के बारे में बताते हुये अमित भारद्वाज, जोकि शो में मेवा का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''भीमा के स्कूल जाने के बाद, कैलाशा बुआ पागलखाने से लोगों को धनिया को ले जाने के लिये भेजती है। भीमा को पहले से इसका आभास हो जाता है और उसे लगता है कि कुछ गलत हो रहा है। वह धनिया को बचाने के लिये भागकर स्कूल से घर आती है। इस बीच फुलमतिया धनिया को फंसाने के लिये कैलाशा बुआ से हाथ मिला लेती है और उसे दूर भेजने की साजिश रचती है। हाालांकि, भीमा की आंटी बबिता समय पर पहुंचकर धनिया को बचा लेती है। भीमा मदद करने के लिये बबिता का शुक्रिया अदा करती है।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये हप्पू सिंह का किरदार अदा कर रहे योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) सपना देखता है कि उसे प्रोमोशन मिल गया है। अगली सुबह वह इस सपने के बारे में परिवार वालों को बताता है, लेकिन मलाइका (सोनल पंवार) उसका मजाक उड़ाती है। हप्पू इस बारे में बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) से चर्चा करता है और वह उसे आइडिया देता है कि अपना खुद का केस बनाओ और उसे हल करो, इससे तुम्हारा प्रोमोशन पक्की हो जायेगा। हप्पू को आइडिया पसंद आता है और बेनी की मदद से वह कमिश्नर के घर में घुसकर उसकी पत्नी का नेकलेस चुरा लेता है। हालांकि, तभी एक ब्लैकमेलर का कॉल आता है और वह हप्पू को बताता है कि उसने हप्पू द्वारा नेकलेस चुराने की घटना का वीडियो बना लिया है। हप्पू के पास अब ब्लैकमेलर की बात मानने के अलावा कोई और चारा नहीं बचता, जिससे हप्पू के परिवार में तनाव और बहस बढ़ जाती है।

## नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

# नगरीय निकाय चुनाव:भाजपा व कांग्रेस के बीच होगी कांटे की टक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 2 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव मे 31 जनवरी को नाम वापसी और चिन्ह आबटन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। इसी प्रक्रिया के साथ कौन कौन प्रत्याशी चुनाव मे लडेगा यह भी स्पष्ट हुआ। भाजपा और कांग्रेस की ओर से पहले से ही जारी की गई लिस्ट अनुसार नामांकन फार्म जमा किया गया था। लेकिन कुछ वार्डो से निर्दलीय प्रत्याशियो ने भी नामांकन भरा था। जिसमे भाजपा की ओर से अध्यक्ष प्रत्याशी प्यारे लाल देवांगन को एवं वार्ड कमाक 01 से पुष्पा देवांगन, 02 से ईश्वरी देवांगन, 03 से रंजनी यादव, 04 से जगदीश्वर साहु, 05 से तुलसी कुंजाम, 06 से लोकेश सोनकर, 07 अंजू सोनकर, 08 संतोष ओझा, 09 से संदीप मेश्राम, 10 से अशोक देवांगन, 11 से उमादेवी शर्मा, 12 से अंकित जैन, 13 से उत्तम साहू, 14 से चेतना चौहान, 15 से महेन्द्र तुलावी को कमल का फूल का चिन्ह दिया गया। वही कांग्रेस से अध्यक्ष पद प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज एव वार्ड 01 से कविता साहु, 02 से गितेश्वरी सोनकर, 03 से अमृत देवांगन, 04 से विष्णु यादव, 05 से लता उईके, 06 से संतोष सोनकर, 07 से रमला सोनकर, 08 से शंकर सिन्हा, 09 से राजकपुर बारसागढे: 10 चंद्रिका छोटी देवांगन, 11 से रानू कमलेश सेन, 12 अशोक सोनी, 13 से मोहित नायक, 14 मंजु सोनकर, 15 प्रदीप कांगे को कांग्रेस का पंजा का चिन्ह दिया गया।

वही वार्ड कमांक 01 से निर्दलीय प्रत्याशी निशा धर्मेन्द्र मेहता ने अपना नामांकन फार्म वापस लिया। अन्य निर्दलीय अब मैदान में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियो को टक्कर देगे। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के चिन्ह के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 02 से टिकेश्वरी सोनवानी को अलमारी छाप, वार्ड कमांक 06 से सूरज दास, वार्ड क्रमांक 09 से लोकेश बारसागढे और वार्ड कमाक 10 से नंद किशोर गौतम को सिलाई छाप, वार्ड क्रमांक 12 से राजेश सोनी को आरी छाप, वार्ड क्रमांक 14 से आबिदा बेगम को गैस चुल्हा छाप, वार्डक्रमांक 15 मे लोकेश नागवंशी को बल्ला छाप एवं वार्ड क्रमांक 15 से सुरेश ठाकुर को ब्लैक बोर्ड छाप चिन्ह आबंटित हुआ। इसी के साथ अब प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर सकते है। वार्ड क्रमांक 02 के प्रत्याशी को छोडकर अन्य सभी वार्डो मे निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा पार्टी से जुडे हुए या भाजपा पार्टी के टिकट पर पहले पार्षद या कार्यकर्ता रहे है।

ऐसे मे इन वार्डो मे ये सभी प्रत्याशी भाजपा का बनाया हुआ समीकरण कही न कही जरूर बिगाडेगे। जिससे कही न कही पार्टी टिकट पर कार्यकर्ता नाराज भी नजर आ रहे है। जिसका नुकसान भाजपा पार्टी और प्रत्याशियो को हो सकता है। वही इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्ष से लेकर पार्षद के लिए जो टिकट बांटे है। कही पर भी विरोध के स्वर नही उठने से कार्यकर्ता भी पार्टी टिकट के बंटवारे से खुश नजर आ रहे है और पार्टी से निर्दलीय प्रत्याशी खडे नही होने का लाम कही न कही कांग्रेस प्रत्याशियो को मिलेगा। अब मतदान के लिए महज 8 दिन शेष रह गये है। इसी दौरान पार्टियो के संकल्प या चुनाव घोषणा पत्र भी सामने आयेगे। हालाकि बीते 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के द्वारा किये गये 25 वादो में एक भी वादा पूर्ण रूप से पुरा नही करने की नाराजगी भी नगरवासियो में देखी जा रहे है। ऐसे में भाजपा का इस बार का घोषणा पत्र लोगो को कितना सही लगेगा यह चुनाव परिणाम ही बतायेगा।

## एक नजर

### छात्रों ने ड्राइंग के ज़रिए दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**सुकमा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभागार में शनिवार को मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में स्कूली छात्रों के द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय सुकमा के छात्रों ने मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के ड्राइंग डिजाइन तैयार किया। कार्यक्रम लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका थीम पर केंद्रित थी। चित्रों के माध्यम से लोगों को मतदान करने उन्होंने ड्राइंग के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का सही प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में शामिल छात्रों को सीईओ श्रीमती जैन के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### तेज़ रफ्तार बाइक अनियंत्रित होने से एक व्यक्ति की मौत



**सुकमा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के एन एच 30 कोंटा मार्ग पर तेज रफ्तार की कहर ने फिर एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौके पर ही मौत हुई है। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो कर हुई दुर्घटनाग्रस्त ,मौके पर एक डीआरजी जवान की मौत,एक जवान घायल बताई जा रही है। सीआरपीएफ 159 वाहिनी के जवानों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। बताई जा रहा है दोनों जवान केरलापाल थाना में थे पदस्थ रहे हैं।

### सुकमा नगरीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा को एक और झटका

**सुकमा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोंटा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को एक और बड़ा झटका लगा है, जहां भाजपा के युवा नेता आशीष माहेश्वरी ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। आशीष माहेश्वरी ने भाजपा के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। उन्होंने मुख्य रूप से टिकट वितरण में अनियमितता और गलत तरीके से उम्मीदवारों का चयन किए जाने को लेकर अपनी असहमति जताई है। यह कदम भाजपा के लिए बड़ा धक्का साबित हो सकता है, क्योंकि आशीष माहेश्वरी ने पार्टी के लिए काफी मेहनत की थी और क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी। उनका इस्तीफा भाजपा के भीतर असंतोष और गुटबाजी की स्थिति को और स्पष्ट करता है। अब आशीष माहेश्वरी ने मनोज देव स्वतंत्र पार्टी का दामन थाम लिया है और आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के साथ काम करने का निर्णय लिया है। इस बदलाव के बाद सुकमा में भाजपा के भीतर टूट की स्थिति और अधिक स्पष्ट हो गई है। भाजपा की मुश्किलें बढ़ने के साथ ही मनोज देव स्वतंत्र पार्टी को इस कदम से नई ताकत मिली है, और पार्टी के लिए यह चुनावी सफलता की ओर एक नया कदम साबित हो सकता है। अब भाजपा के साथ टूटती निष्ठाओं और बढ़ती असहमति के बीच, सुकमा की राजनीति में नई दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है।

## नगर पंचायत चारामा का बहुचर्चित मामला

# डीजल घोटाले की फिर से खुलेगी फाइल, पुनः शिकायत की तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 2 फरवरी।** नगर पंचायत का बहुचर्चित डीजल घोटाला जिसमें नेताओं की निजी गाडियों में नगर पंचायत के शासकीय मद से डीजल डलवाने का मामला करीब दो साल पहले प्रकाश में आया था। इस डीजल घोटाले में नगर पंचायत के शासकीय मद की राशि से नेताओं की निजी गाडियों में डीजल डलाया जा रहा था जिसकी शिकायत के बाद जॉच के लिए जिला प्रशासन द्वारा टीम भी बनायी गयी थी लेकिन आज पर्यन्त तक न तो किसी को दोषी ठहराया गया और न ही कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही की गई है। और अब उक्त मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक से लिखित शिकायत कराये जाने की बातें सामने आ रही है।

नगर पंचायत में नगरवासियों से वसूले गये राशि जिसमें जलकर, प्रकाशकर, सम्पत्तिकर व अन्य प्रकार के कर शामिल होते हैं उसे निकाय मद में जमा किया जाता हैं। निकाय मद की राशि को नगर पंचायत कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों की सैलरी व अन्य आवश्यक कार्यो में खर्च किया जाता है। लेकिन नगर पंचायत में बैंठे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मिलीभगत से आम जनता से वसूली की गई निकाय मद की राशि में घोटाला करते हुए नेताओं की निजी गाडियों में डीजल डलवा कर भारी भ्रष्टाचार करते हुए नगरवासियों से वसूली गई राशि का दुरूपयोग किया गया है। नगर पंचायत चारामा में निकाय निधि से सफाई कार्य व



पानी सप्लाई कार्य के नाम से नोटशीट चला कर नेताओं की निजी वाहनों जिसमें अर्टिगा, स्विफ्ट, इनोवा एवं एक्टिवा जैसे वाहनों में डीजल व पेट्रोल डलाया जाकर सफाई कार्य व पानी सप्लाई कार्य के नाम से नोटशीट चलाया गया है। इस प्रकार फर्जीवाडा कर बडे पैमाने पर निकाय मद की राशि का बंदरबांट किया गया है। वर्तमान में निकाय चुनाव के लिए प्रचार प्रसार का कार्य शुरू हो गया है और यह डीजल घोटाला भाजपा समर्थित अध्यक्ष के कार्यकाल में हुआ है। अगर कांग्रेस पार्टी के द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया गया तो क्या भाजपा को नुकसान उठाना पड सकता है ? खैर अब देखना यह है कि नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद इंद्रावती भवन रायपुर में पदस्थ उच्च अधिकारियों के द्वारा क्या प्रशासनिक कार्यवाही की जाती है।

# अटामी ने भाजपा अध्यक्ष व पार्षदों के लिए मांगा वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 2 फरवरी।** लौहनगरी बचेली नगर पालिका में बीजेपी के अध्यक्ष कैंडिडेट राजु जायसवाल एवं 18 पार्षद प्रत्याशियों के लिए दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने जमकर प्रचार प्रसार किया वार्डों में आयोजित जनसभा में महिला सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ताओं ने भरपूर समर्थन दिया वार्डों में जाकर वार्डवासियों की समस्याओं को भी सुना और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निराकरण करने की आश्वासन भी दिया इस दौरान अटामी ने गोंडी भाषा में भी वार्डवासियों से बात की



वहीं भाजपा प्रत्याशी राजु जयसवाल ने नगर के मतदाताओं को आज एक बार फिर जागरूक किया उन्होंने कहा इस बार वे किसी के बहकावे में ना आये उन्होंने कहा 11 फरवरी को पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद किया उन्होंने कहा लौहनगरी बचेली को चमकाने का यह सौभाग्य नगरवासियों को दोबारा नहीं मिलेग। बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा भाजपा सरकार प्रदेश में महिलाओं के हाथ मजबूत करने के लिए आए दिन नए कदम उठा रही है 11 फरवरी को निकाय चुनाव में आप सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भाजपा का समर्थन करें और भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाये

प्रचार व जनसंपर्क के दौरान पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील साहू छोटका पूर्व बचेली मंडल अध्यक्ष सुमीत सरकार, हरीश शर्मा, सतीश प्रेम चंदानी, मनोज सिंह, निलेश पटले, दिपक सरकार, सुदीप्ता शेखर मंडल, कुक्कु, परदेसी विमाल, गीतांजली जयसवाल, अनुसुईया भोपले, ऊषा किरण पात्रे, झिलकी नाग, एवं वरिष्ठ पदाधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आईईडी प्लांट करने वाला सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 2 फरवरी।** 30 जनवरी को दोरनापाल-जगरगुण्डा मार्ग में गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के मध्य डब्ल्यू ब्रीज के पास 01 नग 05 किलोग्राम का वजनी आईईडी प्लांट किया गया था जिसे सुरक्षा बलों के सूझ-बूझ से बरामद कर सुरक्षा की दृष्टि से निष्क्रिय किया गया था गिरफ्तार नक्सली से विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध 02 मामलें में माननीय न्यायालय के द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी है। नक्सली को गिरफ्तार करने में थाना पोलमपल्ली पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में थाना पोलमपल्ली अन्तर्गत दिनांक 30.01.2025 को दोरनापाल-जगरगुण्डा मार्ग में गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के मध्य डब्ल्यू ब्रीज के पास सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने की नियत से नक्सलियों द्वारा 01 नग 05 किलोग्राम का वजनी आईईडी प्लांट किया गया था जिसे सुरक्षा बलों के सूझ-बूझ से बरामद कर सुरक्षा की दृष्टि से किया गया था उक्त घटना के संबंध में थाना पोलमपल्ली में अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 61 बीएनएस 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण के विवचेना क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना में सलिप्त आरोपियों की सघन पतासाजी अभियान चलाया गया पतासाजी अभियान के दौरान थाना पोलमपल्ली से निरीक्षक बीरेन्द्र सिंह



के हमराह 14 का संयुक्त पार्टी मोटर सायकल से नक्सली आरोपियो पता तलाष हेतु अरलमपल्ली व आसपास रवाना हुए कि अभियान के दौरान आरलमपल्ली जाने वाले रोड जंगल नाला के पास 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भाग रहे थे जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम मड़कम सुक्का पिता पोज्जा (आरलमपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र 30 वर्ष निवासी अरलमपल्ली कुम्मोपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा (छ0ग0) बताया और डब्ल्यू ब्रीज पुल में आईईडी लगाकर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से प्लांट करना बताये आरोपी के कब्जे से आईईडी में प्रयुक्त होने वाले विस्फोटक सामाग्रियों को छूपाकर रखे क्रमशः 02 नग इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 02 नग जिलेटिन राड, 05 मीटर लगभग कोर्डेक्स वायर, 05 मीटर लगभग बिजली वायर को बरामद किया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति का कृत विधि की विरुद्ध पाये जाने से थाना पोलमपल्ली में अपराध क्र0 02/2025 धारा 61 बीएनएस 4, 5, वि.प.अधि के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तथा गिरफ्तार आरोपी दिनांक 01.02.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

उक्त आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा थाना पोलमपल्ली के अप.क्र. 01/2019 धारा 147, 148, 149,307, भा.द.वि. 25,27 आर्म्स एक्ट, एवं 01/2020 धारा 147, 148, 149, 307, भा.द.वि. 25,27 आर्म्स एक्ट 3,5 वि.प.अधि. के प्रकरण में 02 किता स्थाई वारंट जारी किया गया।

## नगरी निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 2025: जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान जारी

# चुनाव में सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : जिपं सीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 2 फरवरी।** जिले में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

**स्व-सहायता समूह की दीदियों की अहम भूमिका :** जागरूकता अभियान में स्व-सहायता समूह की दीदियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे गांवों में दीवार लेखन के माध्यम से मतदान का महत्व समझा रही हैं। दीवारों पर मतदान हमारा अधिकार, नहीं करें इंकार। लोकतंत्र का है आधार वोट ना हो कोई बेकार जैसे संदेश लिखे जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा, घर-घर जाकर लोगों को मतदान की प्रक्रिया और उसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी जा रही है।



**गांवों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम :** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता रैलियां आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को यह समझाया जा रहा है कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी है।

**महिला एवं युवा मतदाताओं पर विशेष जोर :** इस अभियान में विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और परिवार के अन्य सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

**शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान तेज :** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने कहा कि जागरूकता अभियान के तहत जिले के हर गांव में मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस बार मतदान शत प्रतिशत प्रतिशत हो। उन्होंने कहा कि जिले में लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी लोग मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

## समाचार संक्षेप

### नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियां जोरों पर,टीमों को दिया गया प्रशिक्षण



**सुकमा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आगामी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में शनिवार को जिले में विभिन्न निर्वाचन टीमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मतपत्र मुद्रण टीम, चिन्हित प्रति टीम एवं ईडीबी (इलेक्शन ड्यूटी बैलेट) टीम को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्री अनिल मेश्राम और रूपेश समरथ के द्वारा दी गई। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए मतपत्र मुद्रण टीम को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतपत्र मुद्रण प्रक्रिया तथा अन्य पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, त्रुटिरहित मतपत्र तैयार करने के लिए सावधानियां बरतने और गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष जोर दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से चिन्हित प्रति टीम को प्रशिक्षित किया गया। इस टीम को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध दस्तावेजों के सत्यापन और अन्य जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। ईडीबी टीम को मतदान प्रक्रिया में सहयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस टीम को मतदान से संबंधित प्रक्रियाओं और अन्य पहलुओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि ईडीबी प्रणाली त्रुटिरहित हो।

### केंद्र का यह बजट राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है : महेश कश्यप

**जगदलपुर, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय बजट पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बजट की सराहना की है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'यह सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी बजट है,



जो गरीब, महिला, युवा और किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।' उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई घोषणाओं का जिक्र किया, जिसमें जीवन रक्षक दवाओं पर टैक्स खत्म करने और कैंसर की दवाओं को सस्ता करने जैसे निर्णय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके लिए ख्याल न रखा गया हो। केंद्रीय बजट से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों पर बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा, इसमें सभी वर्ग शामिल है। जिनके विकास से ही विकास की परिभाषा पूरी होती है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। केंद्रीय बजट में औद्योगिक नीतियों को धरातल पर लाने के लिए किए गए बजट के प्रावधान से छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसके साथ ही प्रदेश के लाखों के रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए ग्रामीण अंचलों में सड़कों के संजाल पर बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। इससे अनेक रोजगार स्वतः सृजित हो जाएंगे।

12 लाख रुपए की आय टैक्स फ्री निर्णय अभिनंदनीय इसके साथ ही मिडिल क्लास को टैक्स छूट में बड़ी सौगात का जिक्र करते हुए बस्तर सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात दी है। शनिवार के दिन लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपए तक वार्षिक आय को टैक्स फ्री करने का निर्णय अभिनंदनीय है।

### निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर 2 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनआरडीए सचिन भूतड़ा को जिले के नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नियुक्त होने के उपरांत बुधवार 29 जनवरी 2025 को प्रेक्षक सचिन भूतड़ा सर्किट हाउस जगदलपुर में ठहरे हुए हैं। सर्व साधारण आम जनता निर्वाचन कार्य के संबंध में उनसे कार्यालयीन समय प्रातः साढ़े 10 बजे से 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

### कांकेर से 6 अभ्यर्थियों ने लिया अपना नाम वापस

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नगरपालिका परिषद कांकेर के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की कल संवीक्षा की गई तथा आज अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। रिटर्निंग ऑफिसर (नगरपालिका कांकेर) कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर के पांच वार्डों से पार्षद पद की अभ्यर्थिता से कुल छह लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया है। आज दोपहर तीन बजे तक नगरपालिका परिषद कांकेर के सुभाषनगर वार्ड-13 से सुश्री ललिता गायकवाड़ और नरेश बिछिया, अन्नपूर्णापारा वार्ड-14 से राजकिशोर ठाकुर, एमजी वार्ड-15 से सुश्री नेहा दरपट्टी, शांतिनगर वार्ड-16 से नितिन वर्मा तथा जनकपुर वार्ड क्रमांक-20 से बिनाका सूर्यवंशी ने आज अपना नाम अभ्यर्थिता से वापस ले लिया है।

### निकायों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक वार्डों में ईवीएम प्रदर्शन, शत् प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

**सुकमा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मतदाताओं को नियमित रूप जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में शत् प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जिले में मतदाताओं को नियमित रूप जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत दोरनापाल और नगर पालिका परिषद सुकमा में ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा।

**नगर पंचायत दोरनापाल में ईवीएम प्रदर्शन का कार्यक्रम:** नगर पंचायत दोरनापाल में 01 फ़रवरी 2025 को सुभाष नगर वार्ड क्र01 में 10:00 से 12:00 तक, दुर्गा नगर वार्ड क्र02 में 12:00 से 02:00 तक और सरस्वतीनगर वार्ड क्र03 में 02:00 से 05:00 तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। 02 फरवरी 2025 को शीतला माता वार्ड क्र04 में 10:00 से 12:00 तक, शवरी नगर वार्ड क्र05 में 12:00 से 02:00 तक, पं.दीनदयाल वार्ड क्र06 में 02:00 से 05:00 तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। 05 फरवरी 2025 को गांधी नगर वार्ड क्र 07 में 10:00 से 12:00 तक , रामनगर वार्ड क्र 08 में 12:00 से 02:00 तक, विवेकानंद वार्ड क्र 09 में 02:00 से 05:00 तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। 06 फरवरी 2025 को पं. जवहारलाल वार्ड क्र 10 में 10:00 से 12:00 तक , वल्लभभाई पटेल वार्ड क्र 11में 12:00 से 02:00 तक, इंदिरा गांधी वार्ड क्र 12 में 02:00 से 05:00 तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। 09 फ़रवरी 2025/ अम्बेडकर वार्ड क्र013 में 10:00 से 12:00 तक, भगतसिंह नगर वार्ड क्र 14में 12:00 से 02:00 तक, बालाजी नगर वार्ड क्र 15 02:00 से 05:00 तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा।

**नगर पालिका परिषद सुकमा में ईवीएम प्रदर्शन:** इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सुकमा में 01 फ़रवरी 2025 को बस स्टैण्ड परिसर में, 02 फरवरी 2025 को दंतेवाड़ा चौक, 03 फरवरी 2025 को कुम्हाररास एकलव्य स्कूल गली के समीप, 04 फरवरी 2025 को संथालपारा चौक दंतेवाड़ा रोड में, 05 फरवरी 2025 को पुसामीपारा पेट्रोल पम्प के समीप, 06 फरवरी 2025 को महेश चौक वार्डों में प्रत्येक दिन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा।

# पश्चिम बस्तर डिवीजन एरिया में मुठभेड़ के बाद 8 माओवादियों के शव बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि दिनांक 31/01/2025 को थाना गंगालूर क्षेत्र के तोड़का कोरचोली जंगल एरिया में प्रतिबंधित माओवादी संगठन अंतर्गत पश्चिम बस्तर डिवीजन के DVCM दिनेश, PLGA कंपनी नंबर 02, PLGA Platoon & Militia company के सशस्त्र माओवादियों cadres की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 एवं केरिपु 222 वाहिनी की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान के लिए निकली थीद्य अभियान के दौरान दिनांक 01.02.2025 को डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच प्रातः 08.30 बजे से संयुक्त टीम एवं माओवादियों के मध्य रुक रुक कर कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद अब तक सर्चिंग में 08 पुरुष माओवादियों के शव बरामद द्य मुठभेड़ में मारे गये माओवादी पश्चिम बस्तर डिवीजन के गंगलूर एरिया कमिटी , कंपनी नंबर 4 & Militia company के सदस्यों होने की संभावना है तथा उनकी शिनाख्तगी कार्यवाही की जा रही है । मुठभेड़ में माओवादियों से INSAS रायफल, 12 बोर रायफल, BGL Launcher सहित भारी मात्रा हथियार एवं माओवादी सामग्री बरामद ।

मुठभेड़ में कई और नक्सलियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना। मुठभेड़ के दौरान दो DRG जवानों को मामूली चोटें आई द्य घायलों जवानों की हालत खतरे से बाहर और सामान्य है द्य क्षेत्र में अभी गश्त सर्चिंग अभियान जारी है । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध, नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 32 दिनों में कुल 33 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्य माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है द्य विगत 04-05 दशकों से बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का दुश्मन बना हुआ है नक्सल संगठन अपना अंतिम सांस ले रहा है। क्षेत्र की जनता के जानमाल की रक्षा करने के दायित्वों का पुलिस व सुरक्षा बलों के सदस्यों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये पूर्ण समर्पित भाव से कार्य निर्वहन किया जा रहा है।

## एक नजर

### सोमलू हेमला को सीपीआई के अलावा जोगी कांग्रेस ने भी समर्थन दिया



**बीजापुर 2 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र गंगालूर से.जिला पंचायत चुनाव लड रहे निर्दलीय उम्मीदवार सोमलू हेमला को कांग्रेस ने पहले ही समर्थन दे दिया है अब सी पी आई एवं जोगी कांग्रेस ने भी अपना. समर्थन पत्र दे दिया है यहां बतादें भाजपा ने पहले इस क्षेत्र से राजू कलमू को टिकट दिया था जिसे बदलकर अब गौतम राव को टिकट. दी है।

### व्यय लेखा संपरीक्षण कार्यक्रम 3 एवं 7 फरवरी को

**रायगढ़, 2 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत श्री आशीष सोनी एवं श्री तुलसी प्रसाद श्रीवास को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक बनाया गया है। रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत महापौर प्रत्याशियों के लिए व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत करने हेतु व्यय लेखा संपरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रथम जांच हेतु 3 फरवरी एवं द्वितीय जांच 7 फरवरी 2025 को कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष के प्रथम तल में प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही ने समस्त महापौर प्रत्याशी बनवारी लाल डहरे, जानकी बाई काटजू, जीवर्धन चौहान, रूसेन कुमार मिरी, इंजीनियर सिरिल कुमार, जेठूराम मनहर एवं लीलाधर बानू खुंटे को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर मय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स अनिवार्यतः जांच हेतु उपस्थित होने हेतु कहा है।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 44 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया दाखिल

**रायगढ़, 2 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत 01 फरवरी तक जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 44 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जिनमें विकासखण्ड रायगढ़ से 9, पुसौर से 11, खरसिया से 3, घरघोड़ा से 2, तमनार से 4, लैलूंगा से 6 एवं धरमजयगढ़ से 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।

### कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी: डॉ. एकता

**महासमुंद 2 फरवरी।** जय हिंद कॉलेज महासमुंद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एकता लंगेह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. एकता लंगेह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि प्रयास करने से आज नहीं तो कल सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि जो छात्र सफल हुए हैं, वे अत्यधिक खुश न हो और जो असफल रहे हैं, वे निराश न हों। निरंतर प्रयास करने से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ी भाषा पर आधारित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने इन प्रस्तुतियों की सराहना की और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में मेधावी एवं विजयी छात्रों को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रचार्य पुष्पलता देशमुख, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जनपद पंचायत स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान दलों को दे रहा प्रशिक्षण

**महासमुंद 2 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिले के कुल 551 ग्राम पंचायतों में 17, 20 व 23 फरवरी को कुल तीन चरणों में मतदान होने वाली है। जिसके लिए गठित मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में 1 व 2 फरवरी को दो- दो पालियों में आयोजित किया गया है। महासमुंद में उक्त प्रशिक्षण वेडनर मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया है। जहां 10 कमरों में जनपद पंचायत स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नंदकिशोर सिन्हा तथा जिले के मुख्य मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा प्रशिक्षण का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गोस्वामी ने मतदान दलों को गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा प्रशिक्षण स्थल से जाने से पूर्व अपने सभी संदेहों को दूर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदान की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार संपन्न कराएं।

# चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में मिला बर्ड फ्लू का केस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 2 फरवरी।** रायगढ़ के शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, चक्रधर नगर रायगढ़ में शुक्रवार रात 10.30 बजे एक बर्ड फ्लू का केस मिलने की पुष्टि हुई। राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल द्वारा शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र रायगढ़ से भेजे गए कुक्कुट पक्षी शव के नमूनों में उच्च पांथोपनिक एवियन इंफ्लूएंजा एच 5 एन 1 (बर्ड फ्लू) के संक्रमण की पुष्टि 31 जनवरी 2025 को की गई है।

रायगढ़ शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और पशुपालन विभाग के राज्य कार्यालय के अधिकारियों के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए गए। रात 11 बजे वरिष्ठ अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई गई। रात 11 से 12.30 बजे तक पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित स्वास्थ्य और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ इस परिस्थिति से निपटने की पूरी रणनीति बनाते हुए लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से पोल्ट्री फार्म की सारी मुर्गियों, चूजों, अंडों और कुक्कुट आहार को तत्काल नष्ट करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत पोल्ट्री फार्म की करीब 5 हजार मुर्गियां, 12 हजार चूजे और 17 हजार अंडों को नष्ट करने की तैयारी की गई। सभी संबंधित विभागों को एक्टिवेट किया गया। जिससे सूर्योदय से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और संक्रमण उस क्षेत्र से बाहर न फैले। नगर निगम, पशु चिकित्सा विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी रात संयुक्त अभियान चलाकर संक्रामक रोग प्रोटोकॉल के तहत पोल्ट्री फार्म की सभी मुर्गी, चूजे, अंडे और कुक्कुट आहार को नष्ट किया। इसके लिए मुर्गों और चूजों को मारकर जमीन में दफनाया गया। इसके लिए पोल्ट्री फार्म परिसर में पूरे सुरक्षात्मक उपायों के साथ जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें नमक और चुने की लेयर बिछा कर मुर्गियों और चूजों को दफनाया गया और ऊपर से फिर नमक और चुने की लेयर डाली गई। इसी प्रकार अंडों को भी नष्ट किया गया। जिससे संक्रमण न फैले। इसके साथ ही परिसर को संक्रमण मुक्त करने डिसइनफेक्शन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल पूरी रात इस कार्रवाई का अपडेट लेते रहे।

पक्षियों का उच्च पैंथोपनिक एवियन इन्फ्लूएंजा रोग पशुओं में संक्रामक और सांसर्गिक रोगों का निवारण और नियंत्रण अधिनियम 2009 अंतर्गत अनुसूचित रोग' है। जिसके रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन, कंट्रोल एंड कंटेनमेंट ऑफ एवियन इन्फ्लूएंजा (रिवाइज्ड 2021) के अनुसार कार्यवाही की जानी होती है। परिपालन में शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र रायगढ़ से एक किलोमीटर रेडियस क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन' तथा 1 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सर्विलांस जोन' घोषित किया गया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन, कंट्रोल एंड कंटेनमेंट ऑफ एवियन इन्फ्लूएंजा (रिवाइज्ड 2021) प्रोटोकॉल के अनुसार बर्ड फ्लू की स्थिति में 1 किमी %इन्फेक्टेड जोन' में कुक्कुट, अण्डे एवं कुक्कुट आहार की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित होगी।

# बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग को रखा गया है अलर्ट पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 फरवरी।** रायगढ़ में मिले बर्ड फ्लू के मामले के बाद कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रखा है। रायगढ़ शहर और आस-पास के 10 कि.मी.दायरे में लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से डीआईओ डॉ.भानु पटेल ने बताया कि बर्ड फ्लू वायरस मुख्यतः पक्षियों और जानवरों में फैलता है। भारत में बर्ड फ्लू वायरस के एक से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण के मामले नहीं देखे गए हैं। हालांकि इसके लक्षण और संक्रमण के जोखिमों को लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। इस वायरस से संक्रमण की स्थिति में हल्के से लेकर गंभीर लक्षण हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बर्ड फ्लू के अधिकतर लक्षण इंफ्लूएंजा की तरह ही दिखते हैं। इसकी समय रहते पहचान जरूरी है। डॉ.भानु पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संक्रमण स्थल पोल्ट्री फार्म के एक किमी के दायरे में डोर-टू-डोर सर्वे कर स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जिससे फ्लू के लक्षण वाले लोगों को एहतियाती उपचार दिया जा सके। लोगों से अपील की गई है कि बुखार आने या फ्लू जैसे लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार अवश्य करवाएं। बर्ड फ्लू की स्थिति में ज्यादातर लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही देखे जाते हैं। इसमें बुखार, थकान, खांसी, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, मतली और उल्टी, दस्त, नाक बहने और सांस फूलने की समस्या हो सकती है। कुछ लोगों में बर्ड फ्लू के कारण कंजंक्टिवाइटिस का खतरा भी देखा जाता रहा है। इन लक्षणों पर समय रहते ध्यान देना और उपचार प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

एच 5 एन 1 (बर्ड फ्लू) से संक्रमित जानवर के शरीर के तरल पदार्थ, जैसे थूक (लार),छींकने-खांसने से निकलने वाले ड्रॉपलेट या मल के संपर्क में आने से इंसानों में ये संक्रमण हो सकता है। मुख्य रूप से मुर्गियों-पक्षियों के माध्यम से इसका खतरा अधिक होता है। बर्ड फ्लू के एक व्यक्ति से दूसरे में फैलने का खतरा कम होता है। पक्षियों, जंगली जानवरों और पशुओं के निकट संपर्क में आने से बचने के उपाय, हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखने और मास्क के माध्यम से इसके खतरे को कम किया जा सकता है।

जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी और सहयोग के लिए 07762-223750 में कॉल कर सकते हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं, इंसानों में संक्रमण की संभावना बेहद कम बुखार और फ्लू जैसे लक्षणों पर तत्काल उपचार कराने की दी गई है सलाह सर्विलांस के लिए राज्य से भी पहुंची है 4 सदस्यीय टीम।

## संदिग्धों की खोज में छापे मारे गए



**दुर्ग 2 फरवरी।** पुलिस ने संदिग्धों की खोज में छापेमार कार्रवाई को अंजाम दे दिया यह कार्रवाई तालपुरी इंटर नेशनल के बी ब्लॉक पारिजात कॉलोनी में की गई इस कार्रवाई के लिए दुर्ग पुलिस के द्वारा 6 टीम बनाई गई जिसमें लगभग 150 से भी ज़्यादा पुलिस जवानों 10 राजपत्रित अधिकारी और 15 निरिक्षकों को शामिल किया गया तड़के 3 से 4 बजे के बीच पहुँची पुलिस की जम्बो टीम ने बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को पकड़ा जो बिना जरुरी कागज़ातों के पारिजात कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे भिलाई नगर पुलिस थाने में पिछले कई दिनों से कॉलोनी के रहवासियों द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई के जा रही थी की बड़ी संख्या में यहां पर बाहरी लोग रह रहे हैं और उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) अभिषेक झा ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद किराएदारों और मकान मालिकों के दोषी पाए जाने पर दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सकती है इसके पहले भी कई बार दुर्ग पुलिस के द्वारा आईसी कॉलोनी में सर्चिंग ऑपरेशन चला बड़ी संख्या में संदिग्धों को पड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई थी यह कार्रवाई भी उसी तरह के सर्च ऑपरेशन की एक कड़ी है सर्च अभियान के दौरान पुलिस को कई घरों से चाकू,तलवार जैसे धारदार हथियार भी बरामद किए है संदिग्ध जोड़ो को भी पकड़ा, बिना वेरीफिकेशन के रह रहे है लोग साल भर पहले भी हुई थी ऐसी ही कार्रवाई

## वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



**महासमुंद 2 फरवरी।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 01 फरवरी शनिवार को विद्यालय प्रागण में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के समस्त वरिष्ठजन विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत जल, पुष्प, कुमकुम, चंदन, गुलाल, पीला चावल, आम के मौर व मिष्ठान द्वारा पूर्ण भक्तिभाव से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं तथा विद्यर्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर विद्यालय प्रांगण को भक्तिमय बनाया गया। सरस्वती की जयकारों से विद्यालय प्रांगण गुंज उठा। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा बच्चों को प्रथम गुरू माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा अपने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। उपप्राचार्या इंदु मिश्रा द्वारा बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन रेखा साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, कमलेश नागवंशी एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 2 फरवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन यातायात ऑफिस में यातायात का संदेश देने वाले छात्र-छात्राओं नुक्कड़ नाटक के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना,ए एस पी युलैंडन यार्क,एसडीएम जागेश्वर कौशल, उपपुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू,समाज कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार पटेल, जिला परिवहन अधिकारी किशन कुमार माहौर, स्वामी आत्मानंद स्कूल प्राचार्य ,पत्रकार बंधुओ, स्कूली छात्र-छात्राए एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में यातायात नोडल अधिकारी डीएसपी विनीत साहू ने यातायात पुलिस द्वारा पूरे माह चलाए गए जागरूकता अभियान की विस्तृत जानकारी दी। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रथ, नुक्कड़ नाटक, हेमलेट जागरूकता रैली, महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, जुंबा डांस के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आम जनों को यातायात जागरूक करना, चित्रकला,वाद विवाद,रंगोली, दौड़ प्रतियोगिता आदि द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। 32 शैक्षणिक संस्थानों में ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के बारिकीयों से अवगत कराया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी।

विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया.आज समापन कार्यक्रम में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र मोमेंटो, कप देकर सम्मानित किया गया।

यातायात नियमों के पालन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने अपने संबोधन में बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन सिर्फ पुलिस और चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए करना चाहिए. बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने के खतरे को रेखांकित करते हुए उपस्थित लोगों से अपील की कि वह न केवल खुद हेलमेट पहने बल्कि अपने दोस्तों और परिजनों को भी उसके लिए प्रेरित करें।

एसडीएम श्री कौशल यातायात पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना एक गंभीर सामाजिक समस्या है लेकिन इसका समाधान बेहद सरल है.सभी नागरिक यदि ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो दुर्घटना में भारी कमी लाई जा सकती है। वरिष्ठ पत्रकार अयूबजी ने उद्बोधन में कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन आवश्यक हैं. कार्यक्रम में यातायात नोडल अधिकारी डीएसपी विनीत साहू द्वारा एनसीसी ,एनएसएस, शिक्षकगण , बीजादूतीर, महिला बाल विकास सहयोगी सभी संस्थाओं और वाल्टर्स को तथा विशेष रूप से मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया गया.जिनकी वजह से पूरे महीने जागरूकता अभियान कार्यक्रम सक्रियता से संचालित हो पाया । प्रतियोगिता में पुरुस्कार विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं।

## शहर में घूम-घूमकर पालिका कर्मी मतदाताओं को कर रहे जागरूक



**महासमुंद 2 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व नगरीय निकाय निर्वाचन अधिकारी के निर्देश व मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। शनिवार को वार्ड 6 से 10 तक ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। प्रदर्शनी के दौरान मतदाताओं को बताया गया कि वे पहले अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। बाद पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आने के बाद ही आपका मतदान पूर्ण होगा। इसके साथ ही अन्य आवश्यक जानकारी भी नागरिकों को देकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदाय कर मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बंध में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है। साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय से संबंधित सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि निर्वाचन तिथि 11 फरवरी को अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रुप से स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, मोहनदास मानिकपुरी व अजय घृतलहरे शामिल रहें।

# प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत सामान्य प्रेक्षक श्री नीलम टोप्पो, व्यय प्रेक्षक श्री आनंद राम रात्रे एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद पद के अभ्यर्थियों की बैठक ली गई। बैठक में अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया गया बीजापुर नगरपालिका निर्वाचन में कुल 15 वार्डों में पार्षद एवं अध्यक्ष पद के लिए केवल राष्ट्रीय राजनीतिक दल इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी ही चुनाव लड़ रहे अतः इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ (पंजे का निशान) छाप एवं भारतीय जनता पार्टी को कमल छाप प्रदाय किया गया है।

निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता लागू है। अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों पर भी लागू है। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आदर्श आचरण संहिता के पालन करने की अपील करते हुए आदर्श आचरण संहिता के दौरान किए जाने वाले दायित्वों का सूक्ष्मता पूर्वक जानकारी रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल द्वारा दी गई। वहीं बीजापुर नगरपालिका की जनसंख्या 50 हजार से कम होने पर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन व्यय की सीमा 8 लाख रुपए निर्धारित की गई जिसके लिए व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों की व्यय का लेखा किया जाएगा। निर्वाचन व्यय के लिए दो बार अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा 03 एवं 07 फरवरी को निर्वाचन व्यय का लेखा मिलान करने के लिए उपस्थित होने की बात कही। अभ्यर्थी के बैंक खाता की जानकारी लेखा रजिस्टर भरने दैनिक आय व्यय के लिए प्रारूप क सहित प्रारूप ख एवं ग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अभ्यर्थियों को आचार संहिता, निर्वाचन व्यय हेतु दर सूची, व्यय संबंधी जानकारी, अभ्यर्थी पहचान पत्र सहित प्रचार-प्रसार हेतु अनुमति संबंधी प्रारूप एवं दस्तावेज प्रदाय किया गया। बैठक में बताया गया कि नगरपालिका का निर्वाचन में मतदान ईव्हीएम मशीन द्वारा की जाएगी। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन 04 एवं 06 फरवरी को की जाएगी तथा ईव्हीएम मशीन का कमिशनिंग का कार्य 07 फरवरी को किया गया। सामान्य प्रेक्षक श्री नीलम टोप्पो ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। अथवा सर्किट हाऊस मे उनके निवास पर प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे एवं सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। मास्टर ट्रेनर्स श्री सीके रहंगडाले द्वारा ईव्हीएम मशीन का हैण्ड्सआन कराया गया जिसमें अभ्यर्थियों ने अपना वोट डालकर वोटिंग प्रक्रिया से अवगत भी हुए मास्टर ट्रेनर श्री रहंगडाले द्वारा ईव्हीएम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कंट्रोल यूनिट बैंलेट यूनिट के कार्यो एवं मतदान की प्रक्रिया को बताया।

**बीजापुर नगरपालिका से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी :** अध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से गीता सोम पुजारी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सुनीता जितेन्द्र हेमला चुनाव लड़ रही है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 से श्री अरविंद पुजारी भाजपा, श्री सदाशिव राना कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 02 से वर्षा कुंजाम कांग्रेस, यशोदा पैंकरा भाजपा, वार्ड क्रमांक 03 से हरिन्धर मांझी कांग्रेस, हितेश साहनी भाजपा, वार्ड क्रमांक 04 से बेनहूर रावतिया कांग्रेस, हरिश बेलसरिया भाजपा, वार्ड क्रमांक 05 से राधा लकड़ा भाजपा, शोशांति कुजूर कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 06 से स्मिता सत्येन्द्र पंत कांग्रेस, सुगन्ती चालकी भाजपा, वार्ड क्रमांक 07 से मुन्ना ताती भाजपा, सम्माराम हेमला कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 08 से बसंती लिंगम भाजपा, संगीता नाग कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 09 से भुवन सिंह चौहान भाजपा, राजीव सिंह कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 10 से बबीता झाड़ी कांग्रेस, धन लक्ष्मी झाड़ी भाजपा, वार्ड क्रमांक 11 से कलाम खान कांग्रेस, संजय कुमार रियानी भाजपा, वार्ड क्रमांक 12 से पुरूषोत्तम सल्लूर कांग्रेस, विक्रम कुमार दुधी भाजपा, वार्ड क्रमांक 13 से मुकेश राठी भाजपा, प्रवीण डोंगरे कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 14 से महेश बेलसरिया कांग्रेस, सत्यवती परतागिरी भाजपा एवं वार्ड क्रमांक 15 से अखलेश नाग कांग्रेस एवं पुरूषोत्तम भंडारी भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।

## ग्राम मड़ेली में किया गया निशुल्क योग शिविर का आयोजन

# योग को जीवन में उतारने के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खडमा के द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयुर्वेद ग्राम मडेली में आयोजित हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव के कुशल निर्देशन और आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों ने जीवन जीने की कला सीखी।



तंजलि योग समिति जिला सोशल मीडिया प्रभारी पोखन ठाकुर ने पांच दिनों तक अष्टांग योग की बारीकियों से अवगत कराया। यौगिक जॉगिंग, जुम्बा, एरोबिक्स, स्थूल और सूक्ष्म व्यायाम का नियमित अभ्यास कराया। ठाकुर ने लोगों को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किए। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी विनोद ठाकुर ने ग्रामवासियों को योग को जीवन में उतारने के लिए जागरूक किए। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद ठाकुर, डॉ. ऐश्वर्य साहू, डॉ. प्रीति साहू द्वारा अंचलवासियों को शिविरों के माध्यम से योग, आयुर्वेद को अपनाने हेतु नियमित रूप से प्रेरित करते रहें हैं। आयुर्वेद चिकित्सा से सभी बीमारी को जड़ से ठीक किया जा सकता है। छत्तीसगढ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर्स शंकर लाल यदु, हेमलाल पटेल एवं पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा शिविर में विशेष रूप से उपस्थित होकर आसन, प्राणायाम की बारीकियों से अवगत कराया गया।

योगाचार्य शंकर लाल यदु ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि बदलते मौसम के कारण होने वाले सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत रहती है। परीक्षा नजदीक होने के कारण देर रात तक पढ़ाई करने से बच्चों की नींद पूरी न होने से सिरदर्द हो सकता है। इन सारी समस्याओं से निजात दिलाने एवं परीक्षा में सफ्ल होने के लिए योग एक वरदान है। यज्ञाचार्य हेमलाल पटेल ने कहा कि अपने व्यस्त समय में से थोड़ा सा समय निकालकर प्राणायाम करने से तनावमुक्त रह सकते हैं।

परीक्षा के समय में रोजाना सुबह उठकर हवादार जगह में आसन बिछाकर सुखासन, पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाएं और प्राणायाम करें। कपालभाति को तीन से पांच मिनट तक अवश्य करें जिससे हाजमा दुरुस्त होगा और पेट ठीक रहेगा। पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार कराते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। शारीरिक और मानसिक रूप से फ्टि रहेगा बीमारियों से भी बचाएगा। वायु मुद्रा में अनुलोम विलोम के पांच मिनट अभ्यास से वातजनित रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। रक्त संचार उत्तम होगा, मन शांत रहेगा, एकाग्रता बढ़ेगी और मौसमी बीमारी छू भी नहीं पाएगी। सिन्हा ने आगे कहा कि भ्रामरी, उद्गित और प्रणव प्राणायाम से स्नायुतंत्र मजबूत होगा, याददाश्त बढ़ेगा और पूरे समय ऊर्जा बनी रहेगी। अग्निहोत्र महिमा बताते हुए सिन्हा ने कहा कि अक्षांश और देशांतर के अनुरुप अलग अलग जगह के मुताबिक निर्धारित समय में सुबह और शाम नियमित अग्निहोत्र से सारे क्लेश, बाधाएं, नकारात्मक ऊर्जा दूर होता है। अग्निहोत्र के साथ प्राणायाम करने से दुगुना लाभ मिलता है। औषधियुक्त हवन सामग्री से यज्ञ करने वात, पित्त, कफ से निजात पा सकते हैं।

अनुसंधान के मुताबिक यज्ञ चिकित्सा असाध्य रोगों को पूरी तरह से ठीक करने में विशेष रूप से कारगर साबित हुआ है। यज्ञ चिकित्सा हमारे प्राण ऊर्जा को जागृत कर निरोगी काया प्रदान करता है। योग, यज्ञ, आयुर्वेद हमारी प्राचीन संस्कृति है। हमें हमारी संस्कृति की वैज्ञानिकता को समझना होगा और अपनाना होगा। योग, शिक्षा, स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत होने पर योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को सम्मानित भी किया गया।

शब्द नहीं चित्र...



**कसडोल, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चुनावी समर में पुलिस की मुस्तैदी, नगर की गलियों के साथ ही चौक-चौराहों पर भी देखने को मिल रही है। टीआई रितेश मिश्रा निरंतर नगर भ्रमण कर, शांतिपूर्ण मतदान के लिए संकल्पित हैं।

## खुशी परिस्थितियों के अनुसार तो नहीं बदलती : बीके गिरीश भाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 2 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तपस्या भवन भखारा के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन जैन स्नातक भवन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि समाज सेवी भरत नाहर, डॉ मोहन हरदेल, प्रीतम, समाज सेवी दुलार सिन्हा, मुख्य संचालिका धमतरी बी.के.सरिता बहन, बी.के. करुणा बहन रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय खुशियों का पासवर्ड था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.ई वी गिरीश भाई (डायनेमिक ट्रेनर एवं काउंसलर) मुंबई ने संबोधित करते हुए कहा कि खुशी सदा होना चाहिए या कभी-कभी। या कभी खुशी या कभी गम। कहीं खुशी परिस्थितियों के अनुसार तो नहीं बदलती? यदि सफ्लता मिलती है तो खुशी।और असफ्ल हुए तो.ज खुशी गायब। एक उदाहरण देते हुए कहा कि दो व्यक्ति के लिए नींबू पानी है, पर नींबू पानी का ज्यादा सुख किसको मिलेगा जो ज्यादा प्यास होगा। ज्यादा प्यास का मतलब।इच्छा, तृष्णा, चाहिए - चाहिए। ज्यादा प्यार का प्यास, सम्मान का प्यास खुशी गायब कर देती है। जीवन का आधार क्या होना चाहिए? देना। देवी - देवता के चेहरे और हाथ कैसे होते हैं। सदा मुस्कुराते हुए और देने की भाव रहता है इसलिए देवता कहलाते हैं। आपके लिए तीन बातें हैं। खुशी के लिए जीना चाहिए, पैसा के लिए जीना चाहिए, मान सम्मान के लिए हमें खुशी के लिए जीना चाहिए खुशी-खुशी से जीना है। खुशी का आधार है सत्य ज्ञान। कर्मेद्रियो का आधार नहीं। खुशी किसको चाहिए? शरीर को आंख, नाक, कान, पैर, हाथ या आत्मा को 7 खुशी अंदर से होनी चाहिए। आप खिले हुए गुलाब बन जाओ गुलाब सभी को पसंद है। बताना नहीं पड़ता सभी को आकर्षित करता है। उक्त आयोजन के अंत में शिक्षक-अधिकारी-कर्मचारी ग्रुप, गरबा ग्रुप, महिला ग्रुप, यादव समाज, बस्ती पंचायत, जैन परिवार एवं सभी डॉक्टरों के तरफ से मुख्य वक्ता बी.के गिरीश भाई जी को सम्मान किया गया।उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर अनेक भाई बहनो ने लाभ लिया।

## एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर में क्षेत्र क्र. 6 जिला पंचायत सदस्य पद की भाजपा प्रत्याशी अनुराधा वर्मा की नामांकन रैली में पार्टी पदाधिकारियों एवं साथी कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री टंक राम वर्मा सम्मिलित हुए। नामांकन रैली में उपस्थित देवतुल्य जनता का उत्साह और समर्थन भाजपा की जीत सुनिश्चित कर रहा है।

### सरबदा से सरपंच पद के लिए पुष्पलता साहू ने किया नामांकन दाखिल



**भखारा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत सरबदा में सरपंच पद के लिए पुष्पलता हरिश्चंद्र साहू ने अपने समर्थकों के साथ रिटर्निंग आफ्सिर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल की है।पुष्पलता साहू मृदुभाषी, मिलनसार, संघर्षशील एवं शिक्षित प्रत्याशी हैं जो विगत 20-25 वर्षो से भाजपा में कर्मठ सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में एवं धार्मिक व सामाजिक क्षेत्रों में अपना योगदान देते आ रही हैं वर्तमान में पुष्पलता साहू परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा(बी) की कार्यकारणी सदस्य हैं।उन्होंने ग्राम सरबदा की सर्वांगीण विकास के लिए अपने ग्रामवासियों की सेवा में सदैव तत्पर रहने के लिए आशीर्वाद मांग रही हैं।

## पीएमश्री स्कूल कसडोल में वार्षिक महोत्सव की धूम रही

# छात्र-छात्राओं ने दी नृत्य की मोहक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल/सोनाखान, 2 फरवरी।** नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य के आर कैवर्त्य, जिला नोडल ऋतु शुक्ला उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी पूजन के पूजन के साथ किया गया तथा गणेश वंदना नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इस शुभ अवसर पर पीएमश्री स्कूल के हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक गानों पर नृत्य किए है।

इस वर्ष डॉन्स का विविध थीम पर बॉलीवुड, रेट्रो और फेस्टिवल डॉन्स के नाम पर रखा गया था। इस अवसर पर विद्यालय में बोर्ड वार्षिक परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र छात्राओं को जिला शिक्षाअधिकारी भारतीय सर के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही खेल के क्षेत्र में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर




मुख्य अतिथि हिमांशु भारतीय के द्वारा सभी विद्यार्थियों को वार्षिक महोत्सव की शुभकामनाएं दिए साथ ही सभी बच्चो को वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए कहा गया। आगे उन्होंने कहा कि जब भी मैं इस विद्यालय में आता हूं तो लगता है कि एक बच्चे को जो सर्वांगीण विकास चाहिए वो सभी यहां मिलता है। चाहे पढ़ाई हो, खेलकूद हो, विभिन्न प्रतियोगिताएं हो, सांस्कृतिक कला कौशल हो, नवाचार हो। पूरा स्टाफ व बच्चे लगन से पूर्ण करते है इसके लिए प्राचार्य की प्रशंसा की....साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ के 90 प्रतिशत से अधिक ....सबसे ज्यादा छात्रों में 5 वां रैंक के लिए बधाई दी।

उसके बाद विशिष्ट अतिथि के आर केंवट ने भी सभी बच्चों को वार्षिक उत्सव की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वार्षिक महोत्सव बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने का एक अवसर प्रदान करते है और बच्चों में विभिन्न प्रकार के कला के प्रति जागरूकता लाते है। वार्षिक महोत्सव के इस कार्यक्रम में सभी डॉन्स आकर्षक का केंद्र रहा जिसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा को निखारा।

इसी क्रम में कक्षा नवमीं के छात्र छात्राओं ने मिलकर रामनवमी के उत्सव थीम पर अपनी प्रस्तुति दी जो विशेष आकर्षक का केंद्र रहा। इसमें छोटे छोटे बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान बनकर प्रस्तुति दिए जो विशेष आकर्षक का केंद्र रही। इस शुभ अवसर पर पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथि और पालकों को धन्यवाद दिए साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होता है। वार्षिक महोत्सव उस प्रतिभा को आगे लाने का अवसर प्रदान करता है। हर बच्चों में एक अलग प्रतिभा होती है और बच्चों को उसी प्रतिभा को निरंतर आगे लेकर आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में मुख्य रूप से पीएम स्कूल के सांस्कृतिक विभाग प्राचार्य और समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंग्रेजी माध्यम में लक्ष्य देवांगन, अनीशा साहू और हिंदी माध्यम में हिमेश यादव और तनु ध्रुव इस वर्ष के स्टूडेंट ऑफद ईयर रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी यादव को मिल रहा भरपूर जनसमर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 2 फरवरी।** इस बार नगर पंचायत भखारा की नगरीय निकाय चुनाव में जीत का परचम लहराने कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्ष पद के लिए संतोषी निषाद को मैदान में उतार दिया है। जिसे नगरवासियों से भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है।



बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी निषाद नगर की जनता से लगातार संपर्क साध रही हैं और लोगों से रूबरू होकर भरपूर आशीर्वाद ले रही हैं वहीं संतोषी निषाद को चुनावी रुझान में भारी बढ़त मिलता दिख रहा है मतदान की तारीख नजदीक है और मैदान में घमासान मची हुई है।कांग्रेस प्रत्याशी की पूर्व पार्षद के 5 वर्षो की राजनीतिक कार्यकाल जनता को अपनी ओर खींच रही है।ज्ञात हो कि वर्ष 2020 की नगरीय निकाय चुनाव में भी संतोषी निषाद अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार थी लेकिन भखारा नगर में भाजपा की सरकार बन गया।जिनके कारण उनको अध्यक्ष पद नही मिल पाया।लेकिन इस बार भाजपा के ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकताओं ने अपना फील्डिंग जमाना प्रारंभ कर दिया हैं भखारा में नगरीय निकाय चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलॉट होने के बाद प्रचार प्रसार कार्य में तेजी आ गया है जिससे लोगों को स्पष्ट रुझान देखने को मिल रहा है। हमारे प्रतिनिधि को कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी निषाद ने चर्चा के दौरान बताया कि मैं नगर की हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास कर रही हूं पार्टी का हर कार्यकर्ता व नगरवासी उनका समर्थन कर रही है। मैं इस बार जनता का आशीर्वाद मिलते ही नए आयाम रचने का प्रयास करूंगी उक्त बातें कहते हुए संतोषी निषाद ने जनमानस से आशीर्वाद मांगा।

## कांग्रेस समर्थित अभ्यर्थी बनिता प्रमोद सिन्हा ने किया नामांकन दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 2 फरवरी।** जनपद पंचायत कुरुद क्षेत्र क्रमांक 05 सुपेला से कांग्रेस समर्थित अभ्यर्थी बनीता प्रमोद सिन्हा ग्राम - सेमरा(बी)ने शनिवार को रिटर्निंग ऑफ्सिर के समक्ष अपने समर्थको के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस नेता नीलम चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, पूर्व सरपंच जानकी दशरथ साहू, भागवत सिन्हा, जिला सिन्हा समाज कोषाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री लोकेन्द्र साहू, सेमरा सिन्हा समाज अध्यक्ष सुकालू सिन्हा, बाबूलाल सिन्हा, इतवारी सिन्हा, सविता सिन्हा, पूर्व पंच शारदा चक्रधारी, दशोदा सिन्हा, मोहन प्रधान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



## नाम परिवर्तन

मैं अश्वनी कुमार आरदे पिता राजाराम उम्र 40 वर्ष जाति महार वार्ड नं. 14 कारूटोला तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरे नाम से आर.टी. ओ. विभाग से हैवी ड्रायविंग लाइसेंस प्रदान किया था. जिसमें मेरा नाम अश्वनी कुमार है। मेरे अन्य समस्त रिकार्ड जैसे मेरे आधार कार्ड क्र. 253417907825 अश्वनी कुमार आरदे दर्ज है जो कि सत्य एवं सही हैं। अश्वनी कुमार एवं अश्वनी कुमार आरदे उपरोक्त दोनों ही नाम मेरे स्वयं का है अर्थात एक ही व्यक्ति का है. जो कि सत्य एवं सही हैं।

मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। उपरोक्त जानकारी गलत पायी तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

मुझे समस्त विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये इस प्रकार की शपथपत्र की आवश्यकता हुई है।

**शपथकर्ता**
**अश्वनी कुमार आरदे**

## नाम परिवर्तन

मैं भारत यादव आ. बलीहार यादव जाति-यादव ग्राम-वार्ड नं. 22 दल्लीराजहरा, तह. डौण्डी जिला-बालोद (छ.ग.)का निवासी हूं। मेरा वास्तविक वो सही नाम भारत यादव आ0 बलीहार यादव BHARAT YADAV S/O BALIHAR YADAV है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है।

जब मेरे नाम पर आर.टी.ओ से हैवी ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया गया था उसमें मेरा नाम भारत आ. बलवीर BHARAT S/O BALVEER अंकित हो गया है जबकि मेरे विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम भारत यादव आ. बलीहार यादव BHARAT YADAV S/O BALIHAR YADAV अंकित है। अतः मैं अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम भारत यादव आ. बलीहार यादव BHARAT YADAV S/O BALIHAR YADAV अंकित करवाना चाहता हूं।

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विभिन्न अभिलेखों में दर्ज नाम भारत यादव आ0 बलीहार यादव BHARAT YADAV S/O BALIHAR YADAV एवं ड्रायविंग लायसेस में दर्ज नाम भारत आ. बलवीर BHARAT S/O BALVEER मेरे एक ही व्यक्ति का ही नाम है यदि बाद में उक्त दोनों नाम अलग-अलग व्यक्ति का होना पाया गया तो उसकी पूरी जवाबदारी मुझ पर होगी।

मुझे अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम भारत यादव आ0 बलीहार यादव BHARAT YADAV S/O BALIHAR YADAV दर्ज करवा कर नया ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है।

**शपथकर्ता**
**भारत यादव**

## नगर पंचायत चुनाव : विधायक रोहित साहू ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

# भाजपा प्रत्याशियों को जिताने जनता से मांगा समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 2 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने भाजपा कार्यकर्ता चुनावी तैयारी मे जुट गये है शुक्रवार को छुरा मे भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन राजिम विधायक रोहित साहू, छ.ग.पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, के उपस्थिति मे सरस्वती माता, प. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प.दीनदयाल उपध्याय के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा अतिथियों का बजरंग चौक पर जोरदार आतिशबाजी व गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया जिसके बाद बाजे गाजे के साथ विधायक रोहित साहू व भाजपा कार्यकर्ताओ ने नगर मे रैली निकाल कर आगामी नगर पंचायत चुनाव मे भाजपा प्रत्याशीयो को जिताने सभी 15 वार्डो मे घूमकर समर्थन मांगा।



रैली के बाद नगर के शीतला मंदिर प्रांगण मे चुनावी सभा व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रखा गया था सभा को सम्बोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा विधानसभा चुनाव मे आप लोगो ने जिस तरह भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करते हुए अपना बहुमूल्य वोट वोट देकर प्रदेश मे भाजपा सरकार बनाया ठीक उसी तरह आज फ्रि आपको विकास को चुनना है आगामी समय मे नगर पंचायत चुनाव होना है अब आपको अपने नगर का चाहुमुखी विकास के लिये भाजपा प्रत्याशी को अपना वोट देकर अपना नगर का सरकार चुनना है।

आज प्रदेश मे डबल इंजन की सरकार है लेकिन अब आपके पास मौका है आपका बहुमूल्य वोट से ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, भाजपा सरकार के पास विकास के लिये कोई फंड की कमी नहीं आज हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास के लिये फंड का खजाना खोल दिया है इसलिये मै आपसे विनती करता हूँ की आप आगामी नगर पंचायत चुनाव मे सभी भाजपा प्रत्याशीयों को अपना वोट देकर नगर मे विकास करने वाली सरकार बनाये, जिस तरह आपने मोदी जी की गारंटी पर राजिम विधानसभा चुनाव मे कमल का बटन दबाया उसी तरह नगर पंचायत चुनाव मे मेरी गारंटी पर कमल का बटन दबाकर नगर सरकार बनाये आपके नगर के विकास की गारंटी मेरी है।

**अपील**

**मैं चंद्रशेखर चक्रचारी आत्मज रामसहाय चक्रधारी निवासी रामसागर वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलोदा बाजार भाटापारा छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि नीचे लिखे अनुसार आप सभी नगर वासियों से निम्नलिखित अपील करता हूं**

**1. कि मैं कांग्रेस पार्टी का समर्पित एवं निष्ठावन कार्यकर्ता हूं**

**2. यह कि वर्तमान भाटापारा में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में मैंने अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों पद के लिए नामांकन दाखिल किया था मुझे कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड क्र 23 मुंशी इस्माईल वार्ड भाटापारा से पार्षद प्रत्याशी पद का ही टिकट मिला है और अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा श्री सतीश अग्रवाल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया है।**

**3. यह कि नामांकन वापसी दिनांक 31.01.2025 को स्वास्थयगत कारणों से मैं अपना अध्यक्ष पद का नामांकन समय पर वापस नहीं ले पाया हूं जिसका मुझे बहुत अफसोस है।**

**4. यह कि मेरा भाटापारा की जनता से अपील है कि आप सभी कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी थी सतीश अग्रवाल जी को अपना पूर्ण समर्थन देकर प्रचंड बहुमत से विजयी बनावे**

**31.01.2025**

**आपका**
**चन्द्रशेखर चक्रधारी कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्र 23**
**मुंशी ईस्माईल वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

